कुण्डली = कल्पद्रुम

(गणित- विभाग)



रमेशचन्द्र जी. पण्ड्या
निदेशक
ज्योतिष शोध संकाय, उदयपुर

कुण्डली कल्पतरु

गणित भाग

जन्मकुंडली निर्माण की आधुनिक

पद्धति पर आधारित

रचयिता

रमेशचन्द्र जी॰ पण्ड्या

कुण्डली कल्पतरु

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त वित्तीय
सहायता से प्रकाशित

रमेशचन्द्र जी॰ पण्ड्या
निदेशक
ज्योतिष शोध संकाय
एल—124, सेक्टर—9,
-313002

रचयिता	रमेशचन्द्र जी॰ पण्ड्या श्रीमती मृदुला पण्ड्या एल—124 सेक्टर—9 उदयपुर—313002
मूल्य	85/— रु॰
सर्वाधिकार	लेखकाधीन
प्रथमावृत्ति	1000 प्रतियाँ
सस्करण	2001
मुद्रक	कालिका प्रिन्टर्स

विषयानुक्रमणिका

पृष्ठ

1. प्राक्कथन ix
2. मेरी प्रार्थना
3. सम्मतियाँ

(प्रथम भाग)

अध्याय

(1) ज्योतिष शास्त्र 1
(2) पंचांग ज्ञान 2
(3) वर्ष ज्ञान 6
(4) अयन गोल एवं ऋतु 12
(5) सायन एवं निरयन वर्ष तथा अयनांश 14
(6) अधिक और क्षयमास 15
(7) राशि ज्ञान 18
(8) ग्रह ज्ञान 22
(9) जन्म-कुण्डली 29
(10) जन्म-लग्न एवं दशम भाव साधन 33
(11) द्वादश भाव स्पष्ट करना 51
(12) ग्रह स्पष्ट करना 55
(13) चलित कुण्डली 61
(14) षड्वर्ग साधन 64
(15) ग्रहों की महादशायें 68
(16) प्रत्यक्ष ग्रह दशा 73

(द्वितीय भाग)

जन्मकुण्डली निर्माण संबंधी आवश्यक उपकरणों की सारिणियाँ

1. अक्षांश रेखांश और रेखांतर 76

पृष्ठ

(अ) भारतीय प्रान्त

(1) अरुणाचल प्रदेश 76
(2) आंध्रप्रदेश 77
(3) आसाम 82
(4) उड़ीसा 83
(5) उत्तरप्रदेश 85
(6) कनार्टक 89
(7) केरल 93
(8) गुजरात 93
(9) गोवा 99
(10) जम्मू एवं कश्मीर 99
(11) तमिलनाडु 100
(12) नागालैंड 104
(13) पश्चिमी बंगाल 104
(14) पंजाब 107
(15) बिहार 108
(16) मणिपुर 111
(17) मध्यप्रदेश 111
(18) महाराष्ट्र 117
(19) मिजोरम 125
(20) मेघालय 125
(21) राजस्थान 125
(22) सिक्किम 132
(23) हरियाणा 132
(24) हिमाचलप्रदेश 133
(25) त्रिपुरा 134
(26) दिल्ली 134
(27) अंडमान निकोबार 134
(28) दादरा नगर हवेली 134
(29) दमन,दियु 134
(30) पांडिचेरी 135
(31) लक्षद्वीप 135

पृष्ठ

अ) भारतीय प्रान्त

(1) अरुणाचल प्रदेश 76
(2) आंध्रप्रदेश 77
(3) आसाम 82
(4) उड़ीसा 83
(5) उत्तरप्रदेश 85
(6) कनार्टक 89
(7) केरल 93
(8) गुजरात 93
(9) गोवा 99
(10) जम्मू एवं कश्मीर 99
(11) तमिलनाडु 100
(12) नागालैंड 104
(13) पश्चिमी बंगााल 104
(14) पंजाब 107
(15) बिहार 108
(16) मणिपुर 111
(17) मध्यप्रदेश 111
(18) महाराष्ट्र 117
(19) मिजोरम 125
(20) मेघालय 125
(21) राजस्थान 125
(22) सिक्किम 132
(23) हरियाणा 132
(24) हिमाचलप्रदेश 133
(25) त्रिपुरा 134
(26) दिल्ली 134
(27) अंडमान निकोबार 134
(28) दादरा नगर हवेली 134
(29) दमन,दियु 134
(30) पांडिचेरी 135
(31) लक्षद्वीप 135

पृष्ठ

(ब) भारत के पड़ौसी देश :–

1 नेपाल 135
2 भूटान 135
3 श्री लंका 136
4 पाकिस्तान 137
5 बंग्लादेश 140
(स) भारतीय स्टेण्डर्ड टाइम संबंधी कुछ आवश्यक जानकारी– 141
(द) विश्व के मुख्य नगरों के अक्षांश रेखांश एवं रेखांतर– 142
2 खगौलिक अक्षांश संस्कार सारिणी 149
3 सांपातिक काल से संबंधित सारिणियों के उपयोग की विधि
सारिणी 1 से 5 150
4 अयनांश
सारिणी 1 से 5 158
5 लग्न सारिणियॉ 164
1 शून्य अक्षांश 164
2 अक्षांश 1° 166
3 अक्षांश 2° 168
4 अक्षांश 4° 170
5 अक्षांश 6° 172
6 अक्षांश 8° 174
7 अक्षांश 9° 176
8 अक्षांश 10° 178
9 अक्षांश 11° 180
10 अक्षांश 12° 182
11 अक्षांश 13° 184
12 अक्षांश 14° 186
13 अक्षांश 15° 188
14 अक्षांश 16° 190

	पृष्ठ
15. अक्षांश 17°	192
16. अक्षांश 18°	194
17. अक्षांश 19°	196
18 अक्षांश 20°	198
19. अक्षांश 21°	200
20. अक्षांश 22°	202
21. अक्षांश 23°	204
22. अक्षांश 24°	206
23. अक्षांश 25°	208
24. अक्षांश 26°	210
25. अक्षांश 27°	212
26. अक्षांश 28°	214
27. अक्षांश 28°40′	216
28. अक्षांश 30°	218
29. अक्षांश 31°	220
30. अक्षांश 32°	222
31. अक्षांश 33°	224
32. अक्षांश 34°41′	226
33. अक्षांश 39°55′	228
34. अक्षांश 40°41′	230
35. अक्षांश 45°26′	232
36. अक्षांश 51°32′	234
37. अक्षांश 53°25′	236
38. अक्षांश 55°45′	238
39. अक्षांश 60°	240
6. प्रत्येक स्थल के लिए निरयन दशम भाव सारिणी	242
7. ग्रह स्पष्टीकरण सारिणी	244

		पृष्ठ
8	सन् पर से 1 जनवरी को शक, संवत्सर	252
9	अयन, गोल, ऋतु सारिणी	256
10	(अ) तिथि व करण सारिणी	257
10	(ब) वर्ण हंसक वश्यादि	258
10	(स) योग	259
11	सम्पूर्ण अबकहडा सारिणी	260
	1 नक्षत्र सारिणी	260
	2 राशि घाताष्टक	264
	3 विंशोतरी अष्टोतरी भुक्त दशा	266
	(क) चन्द्र राशि चरण अंश के अनुसार भुक्त वर्षादि	271
	(ख) चन्द्र राशि चरण कला के अनुसार भुक्त मासादि	272
	(ग) चन्द्र राशि चरण विकला के अनुसार भुक्त दिनादि	273
4	विंशोतरी महादशा में अन्तर्दशायें	276
	(क) महादशा साधन	278
	(ख) संकलित विंशोतरी महादशा कोष्टक	280
5	अष्टोतरी महादशा	282
	(क) चन्द्र राशि चरण अंश के अनुसार मासादि भुक्त	282
	(ख) चन्द्र राशि चरण कला के अनुसार मासादि भुक्त	283
	(ग) चन्द्र राशि चरण विकला के अनुसार दिनादि भुक्त	286
6	अष्टोतरी महादशा में अन्तर्दशायें	288
12	प्रत्यक्ष ग्रहदशा	291
13	(अ) षड्वर्ग होरादि सारिणी	299
	(ब) षड्वर्ग साधन विधि	301
	(स) षड्वर्ग सारिणी	302
	(द) सप्तक वर्ग–	
	(i) पंचधा मैत्री	311
	(ii) ग्रहों का बल	311

पृष्ठ

(iii) ग्रहों की बालादि अवस्था 312
(iv) सप्तवर्गीय पत्रिका निर्माण विधि 312

14 सूर्योदयास्त संबंधी सारिणियाँ 313

(1) विश्व के किसी भी स्थल का
मध्यम सूर्योदय सूर्यास्त
(2) किसी भी स्थल के सूक्ष्म सूर्योदयास्त ज्ञात करना 321
(3) सायन सूर्य राशि अंशानुसार क्रांति सारिणी 328
(4) अंशानुसार चर संस्कार सारिणी 331
(5) वेलान्तर सारिणी
(वर्ष एवं मास के अनुसार) 337
(6) राजस्थान के जिला मुख्यालयों
के लिए चरान्तर सारिणी 354
(7) भारतीय प्रदेशों की राजधानियों के लिए
चरान्तर सारिणी 363

15 लग्न एवं दशम भाव निर्माण संबंधी सारिणियां 363

(1) स्थल अक्षांश की भौगोलिक एवं खगौलिक पलभा 379
(2) पलभा पर से अक्षांश ज्ञात करना
(प्राचीन मतानुसार) 380
(3) पलभा पर से अक्षांश ज्ञात करने की आधुनिक विधि 381
(4) पलभा पर से चरखंड ज्ञात करना
(प्राचीन मतानुसार) 382
(5) चरखंड पर से उदयमान (राशियों के) 382
(6) उदयमान पर से लग्न सारिणी तैयार करना 382
(7) नवीन पद्धति से लग्न सारिणी
के उदयमान (सैकंड़ों में) 382
(8) चरखंड ज्ञात करना (नवीन पद्धति) 383
(9) सायन लग्न सारिणी निर्माण विधि 384
(10) दशम सारिणी निर्माण विधि 384

प्राक्कथन

किसी जातक के जन्म समय के खगोल स्थित ज्यातिपिंडो, नक्षत्रों एवं ग्रहों की गति और स्थिति के आधार पर उसके जीवन पर पड़ने वाले उनके शुभाशुभ प्रभाव को बताने वाले शास्त्र को ही ज्योतिष शास्त्र कहा जाता है। अतः नक्षत्रों एवं ग्रहों की गति और स्थिति का जितना सूक्ष्म निरूपण होगा उतना ही उनके प्रभाव के सम्बन्ध में निरूपित कथन भी सही होगा लेकिन इस वास्तविकता को ध्यानान्तरित करते हुए, आज भी कई ज्योतिषीबंधु प्राचीन ग्रहलाघवीय स्थूल पद्धति से कुंडली निर्माण करते हैं। फलतः अनेकों जन्मकुंडलियाँ खोटी (अशुद्ध) बनी हुई मिली हैं और मिलती हैं।

ग्रहलाघवीय स्थूल पद्धति के सम्बन्ध में मैं यहाँ पर गुजरात के प्रसिद्ध गणितज्ञ स्वर्गीय प्राध्यापक श्री हरिहर प्रा. भट्ट द्वारा संवत् 2039 के संदेश प्रत्यक्ष पंचांग के पृष्ठ 100 पर दिये अपने लेख 'कुंडली ना सूक्ष्म गणित नी सरल पद्धति' में जो विचार प्रकट किये गये है उन्हें उद्धृत करना समीचीन समझता हूँ -

1. ग्रहलाघवीय पंचांगों में ग्रहों की गति बहुत ही खोटी (अशुद्ध) लेने में आती है। उस कारण ग्रहलाघवीय ग्रहों में नव-नव अंश तक की भूल आती है।..... ग्रहलाघवीय सूर्य लेने से लग्न और दशम आदि में आधे अंश (30 कला) तक की गलती आती है।
2. ग्रहलाघव में जन्मलग्न निकालने की जो रीति बताई है उस प्रकार से गणित करने पर हिन्दुस्तान में (35 अक्षांश तक में) 30 कला और उससे अधिक अक्षांशों में अधिक की गलती आती है।
3. सूर्योदय और सूर्यास्त के ठीक मध्य भाग में जब सूर्य आकाश में पूरे दिन में सबसे अधिक ऊँचाई पर होता है, उस समय को स्पष्ट मध्याह्न कहते है। हजार ज्योतिषियों में से नव सौ निन्नानवें ज्योतिषी ऐसा समझते है कि यह स्पष्ट मध्याह्न स्थानीय घड़ी के ठीक 12 बजे होता है लेकिन यह बात गलत है। स्पष्ट मध्याह्न स्थानीय घड़ी के 11.30 से 12.15 बजे तक में होता है। इस कारण भी लग्न और दशम आदि में चार अंश तक की भूल आती है।
4. ग्रहलाघव में लग्न सारिणी के लिए चरखंड एक एक राशि के अन्तर पर लिये हुए है और पूरी राशि के दरम्यान लग्न एक ही गति से चलता है, ऐसा मानने में आया है। लेकिन वास्तविक रूप में वैसा

नहीं है। इस कारण लग्न दशम में अतिरिक्त स्थूलता आती है।

5. क्रांति, चर, दिनमान, सूर्योदयास्त, लग्न, दशम आदि विषयों का आधार सायन सूर्य पर है, निरयन सूर्य पर नहीं। लेकिन लग्न आदि निरयन लग्न सारिणी से निकाले जाते है। उससे भी उसमें स्थूलता आती है।

6. इष्ट घड़ी पर से लग्न दशम निकालने की रीति बहुत लम्बी और स्थूल है। अतः सांपातिक काल पर से लग्न एवं दशमभाव निकालने की रीति दी है। वह इष्ट घड़ी की रीति से अधिक संक्षिप्त होने के साथ सूक्ष्म परिणाम देती है।

इसी संदर्भ में मेरा अनुभव भी कुछ वैसा ही रहा है। मैं ज्योतिष के क्षेत्र में गत चार दशकों से संबद्ध रहा हूँ। इस दीर्घ अवधि में मैंने कई बिना सिर-पैर की उल्टी सीधी जन्मकुंडलियों को देखा और परखा है जिनमें दिये हुए समय और स्थान के अनुसार सांपातिक काल की सूक्ष्म पद्धति से गणित करने पर जन्म लग्न कुंडली में दिये गये जन्म लग्न से भिन्न आते थे और आते है। आज भी वैसी कुंडलियों की भरमार है। इसका एकमात्र कारण इस नवीन पद्धति के सम्बन्ध में हमारे हिन्दी भाषी ज्योतिषी बंधुओं की अनभिज्ञता है। चूंकि ग्रहलाघवीय पद्धति पर रचा गया साहित्य तो विपुल मात्रा में सर्वत्र पाया, पढाया या सिखाया जाता है लेकिन नवीन पद्धति पर रचे गये साहित्य का अभाव है और यदि है भी तो नगण्य रूप में। फिर उसके पढ़ाने या सिखाने का तो प्रश्न ही नहीं उठता।

उपर्युक्त सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर मैं 'कुण्डली कल्पतरू' की रचना द्वारा जन्मकुंडली या जन्म पत्रिका बनाने की आधुनिक सूक्ष्म पद्धति को हिन्दी भाषा में हिन्दी भाषी ज्योतिषी बंधुओं के समक्ष ज्योतिष शास्त्र की विनम्र सेवा के एक विनम्र प्रयास के रूप में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

किसी भी जातक की जन्मकुंडली निर्माण में यदि कोई सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है तो वह है लग्न साधन। सौर मंडल में जितना महत्व सूर्य का है और माला के मनकों में सुमेरू का है उतना ही महत्व जन्मकुंडली के द्वादश भावों की राशियों में जन्म लग्न की राशि का है। यही वह कुंजी है जो किसी व्यक्ति के जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव, उसकी उन्नति, अवनति उसके सुख-दुख, उसके चारित्रिक गुण दोष, उसका कार्य क्षेत्र आदि सभी कुछ ग्रह स्थिति के अनुसार जानने तथा उसके भूत, भविष्य और वर्तमान के अज्ञात रहस्य-कपाटों को खोलने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। अतः यदि हमनें इस महत्वपूर्ण अंग के प्रति अपनी अनभिज्ञता और प्रमाद के कारण उपेक्षा भाव रखा तो यह न केवल ज्योतिष

शास्त्र जो वेदचक्षु की महिमा से मंडित है, की कुसेवा होगी अपितु जिन लोगों की इस शास्त्र और शास्त्रज्ञों के प्रति चिरकाल से जो आस्था और विश्वास है उसे खंडित करने के लिए भी हम उत्तारदायी होंगे, अस्तु।

यदि ज्योतिष के व्यवसाय से जुड़े ज्योतिषी बंधुओं ने इस नवीन पद्धति को अपनाया तो ज्योतिष शास्त्र की तो बहुत बड़ी सेवा होगी ही साथ ही उनकी प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी और मुझे अपने परिश्रम की सार्थकता पर आत्मसंतोष एवं प्रसन्नता होगी।

अब मैं इस पुस्तक की विषय वस्तु के सम्बन्ध में यहां कुछ प्रकाश डालना उपयुक्त समझता हूँ-

1. जैसा कि 'कुण्डली कल्पतरू' नाम से स्पष्ट है, इस पुस्तक की रचना का मूल उद्देश्य सूक्ष्म और सही लग्न राशि के साधन द्वारा जन्मकुंडली का निर्माण करना है। अत: तत्संबंधी सभी सामग्री को विशद रूप से सोदाहरण प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा अन्य आवश्यक सामग्री का परिचयात्मक विवरण इस प्रकार प्रस्तुत किया है कि पुस्तक का कलेवर भी न बढ़े और कुंडली निर्माण में असुविधा का सामना भी न करना पड़े।
   यद्यपि भूत, भविष्य और वर्तमान के सम्पूर्ण घटनाचक्र और उसके काल का ज्ञान हमें जन्मकुंडली और जन्मकालीन स्पष्ट ग्रहों की स्थिति मात्र से हो जाता है। लेकिन प्रचलित परम्परा को ध्यान में रखते हुए षडवर्ग, विंशोत्तारी, अष्टोत्तारी महादशा आदि का भी समावेश इस पुस्तक में किया गया है।
2. अक्षांश, रेखांश और रेखांतर - भारत के सभी प्रान्तों के शहरों, जिला मुख्यालयों, कस्बों एवं कतिपय गांवों के अक्षांश रेखांश अंग्रेजी एटलस, गुजराती एवं अंग्रेजी की तत्सम्बन्धी पुस्तकों व आवश्यकतानुसार मानचित्रों से प्राप्त कर हिन्दी वर्णानुक्रम से प्रस्तुत किये हैं ताकि कुंडली निर्माण के समय स्थल के प्रान्त को ही देखना पड़े पूरे भारत के शहरों, कस्बों या गाँवों के नामों की खान न छाननी पड़े। भारतीय स्टे. टा. से उनके स्थानीय समय का जो अन्तर है, उसे + या - मिनिट सेकण्ड में दर्शाया है।

राजस्थान के जिलों में से- डूंगरपुर, बांसवाड़ा और उदयपुर जिलों के कुछ मुख्य कस्बों एवं गाँवों के अक्षांश रेखांश और रेखांतर उन जिलों के ज्योतिषी-बन्धुओं की सुविधा हेतु विशेष रूप से दिये है जो आधिकारिक रूप से प्रमाणित तो नहीं है लेकिन करीब करीब सत्य के निकटतम है।

इसी प्रकार भारत के पड़ौसी देशों के मुख्य नगरों और कस्बों के अक्षांश रेखांश एवं रेखान्तर को भी वर्णानुक्रम से सम्बन्धित देश में बताया

गया है।

विश्व के मुख्य नगरों के अक्षांश रेखांश और रेखांतर, उनका टाइम जोन, भारतीय स्टे. टा. से उनका अन्तर आदि सभी कुछ श्री लाहिरी की पुस्तक 'टेबल्स ऑव एसेन्डेन्ट्स' के अनुरूप दिये गये हैं। भविष्य में देश के अनुसार उन्हें प्रस्तुत किये जायेंगे।

3. सांपातिक काल –

सन् 1900 से सन् 2051 तक का 82° 30' रेखांश (पूर्व) के मध्यरात्रि शून्य बजे का सांपातिक काल आवश्यक सारिणियों में दिया गया है।

जिससे विश्व के किसी भी भाग के सांपातिक काल को (अभीष्ट स्थल, दिनांक और समय के अनुसार) आसानी से ज्ञात किया जा सके।

4. अयनांश –

सन् 1900 से 2051 तक का चित्रापक्षीय मध्यम अयनांश प्रत्येक वर्ष में उसकी दैनिक गति एवं स्पष्ट अयनांश के लिए स्पष्ट राहु संस्कार आदि को सारिणियों के रूप में दिया गया है।

5. लग्न सारिणियां –

लग्न साधन के लिए अपेक्षित सभी लग्न सारिणियां शून्य अक्षांश से साठ अक्षांश तक के स्थानों के लिए 23° 15' अयनांश की दी गई है। लग्न साधन की विधि सोदाहरण बताई गई है और अयनांश जनित स्थूलता निवारण हेतु अयनांश संस्कार के सम्बन्ध में भी यथेष्ट प्रकाश डाला गया है।

लग्न और दशम भाव साधन के देश-विदेश के उत्तर-दक्षिण अक्षांश तथा पूर्व-पश्चिम रेखांश के करीब 16 उदाहरण दिये हैं। जिनमें 7 उदाहरण भारत के और 9 उदाहरण विदेशों में उत्पन्न बालकों के है। इन सब के जन्म का दिनांक और समय एक ही लिया है। इसका आशय एक तो भा. स्टे. टा. से उन स्थानों के स्टे. टा. का अन्तर स्पष्ट करना और दूसरा इष्ट सांपातिक काल का सही निर्धारण करके लग्न साधन, दशम साधन एवं ग्रह स्पष्टीकरण की विधि बताना है।

6. ग्रह स्पष्टीकरण सारिणी –

लाधवांक का उपयोग नहीं करके ग्रह-स्पष्टीकरण हेतु ग्रह गति एवं जन्मकालीन स्टे. टा. में से प्रातःकालीन स्पष्ट ग्रह के स्टे. टा. के घटाने पर जो घंटे मिनट शेष रहे उनके मिनट और ग्रह गति (दैनिक) के अंश कला विकला के अनुसार सारिणी में से अंश कला विकला लेने से अमुक ग्रह

कितना आगे बढ़ा या पीछे हटा यह मालूम करने की विधि सोदाहरण समझाई गई है।

7. विंशोत्तरी, अष्टोत्तरी आदि को जन्मकालीन स्पष्ट चंद्र पर से ज्ञात करने उनके भुक्त भोग्य निकालने आदि के सम्बन्ध में भी आवश्यक सारिणायां सोदाहरण दी गई है।

उक्त दशाओं के अलावा इसमें एक चमत्कारिक दशा पद्धति को भी सम्मिलित किया है जिसे प्रत्यक्ष ग्रह दशा पद्धति के रूप में गुजरात के अन्यतम प्रसिद्ध ज्योतिषी श्री मनुभाई एस. शाह ने विकसित किया है जिसका मैं पिछले तीस वर्ष से भी अधिक समय से अपने भविष्य फल-कथन के काल-निर्धारण में उपयोग करता आ रहा हूँ। और मुझे उसके परिणाम सदैव सन्तोषजनक प्राप्त हुए है।

8. उपर्युक्त मुख्य सारिणियों के अलावा अन्य आवश्यक सारिणियां जन्मपत्रिका तैयार करने में सहायक सामग्री की है जिनकी सहायता से कम से कम समय और श्रम से अधिक कार्य किया जा सकता है।

यद्यपि मैंने सम्पूर्ण सावधानी से आवश्यक सभी सामग्री को विविध स्त्रोतों से प्राप्त कर यथासंभव अपने ढंग से व्यवस्थित और त्रुटि रहित बनाने एवं प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया है परन्तु फिर भी कहीं भूल या चूक हो जाना असंभव नहीं है। यदि इस शास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान् मेरा ध्यान उस ओर आकृष्ट करेंगे या इस पुस्तक को अधिक उपयोगी बनाने हेतु अपने सुझाव देंगे तो मैं उनका आभारी रहूँगा एवं इस पुस्तक की द्वितीयावृत्ति में तदनुसार परिवर्तन या परिवर्द्धन किया जायेगा।

मैं उन सभी प्रकाशकों एवं लेखकों का हृदय से आभारी हूँ और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जिनकी कृतियों के प्रकाश में मैं अपने गंतव्य तक पहुँचने में सफल हुआ -

(1) द ऑक्सफोर्ड स्कूल एटलस
(2) नवीन राष्ट्रीय एटलस
(3) राजस्थान- डूंगरपुर, बांसवाड़ा के मानचित्र
(4) ज्योतिष शास्त्र प्रवेश अने पंचांग मार्गदर्शिका- जन्मभूमि प्रकाशन-मुम्बई
(5) टेबल्स ऑव एसेन्डेन्ट्स-श्री एन. सी. लाहिरी
(6) एडवांस एफेमरीज फोर हंड्रेड इयर्स - श्री एन. सी. लाहिरी
(7) मराठी ग्रह गणित-श्री वी. बी. केतकर-पूना
(8) ज्योतिष कल्पतरू (गणित भाग) जोशी सोमेश्वर द्वारकादास अपने जोशी चन्द्रदेव सोमेश्वर कपडवंज

(9) अ बुक ऑव एस्ट्रोलोजिकल करक्ट प्रेडीक्शन्स श्री मनुभाई एस. शाह नारगोल

इस अवसर पर मैं अपने उन स्वर्गीय कर्मयोगी प्रातः स्मरणीय पिता श्री जगन्नाथ जी पंड्या जो अपनी आखिरी सांस तक संस्कृत-विद्या के प्रसार और प्रचार में संलग्न रहे, को इस पुस्तक के माध्यम से अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित कर पितृ-ऋण से किंचित उऋण होने का विनम्र प्रयास करता हूँ।

दूसरे, स्वर्गीय श्री कन्हैयालाल जी 'मुकुल' ठाकरडा को भी अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिनसे मैंने ज्योतिष का प्रारंभिक ज्ञान प्राप्त किया।

तीसरे, स्वर्गीय श्री पन्नालाल जी जोशी बांसवाड़ा को भी अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिनके सम्पर्क के कारण आधुनिक गणित एवं श्री मनुभाई एस. शाह के क्रांतिकारी साहित्य से परिचित हुआ। फलतः ज्योतिष में मुझे नई दृष्टि और दिशा प्राप्त हुई।

जिन्होंने समय-समय पर मुझे प्रेरणा दी, प्रोत्साहन दिया, उपयोगी सुझाव दिये और समयोचित मार्गदर्शन दिया उनमें परम पूज्य मेवाड़ महामंडलेश्वर महंत श्री मुरली मनोहर शरण जी शास्त्री, आदरणीय श्री वासुदेव जी शास्त्री, श्री कृष्णचन्द्र जी शास्त्री, भू.पू. निदेशक महाराणा मेवाड़ ऐतिहासिक प्रकाशन प्रन्यास, उदयपुर डॉ. श्री मिथिलेशकुमार जी शर्मा, प्राचार्य राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, बीकानेर, डॉ. श्री राजेन्द्र प्रसाद जी मिश्र, प्राचार्य राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जोधपुर आदि का मैं आभारी हूँ और उनके प्रति अपनी विनम्र कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

अंत में, मैं राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के भूतपूर्व निदेशक श्री के. के. मिश्रा महोदय एवं डॉ. श्री प्रकाश जी पांडेय, सहायक निदेशक (शोध एवं प्रकाशन) का भी आभारी हूँ, जिनकी कृपापूर्ण सहायता एवं सहानुभूति पूर्ण सहयोग के बिना इस पुस्तक का प्रकाशन संभव नहीं होता।

ज्योतिष शोध संकाय :
124, सेक्टर 9, उदयपुर - 313002


रमेशचन्द्र जी. पंड्या

मेरी प्रार्थना

जो ज्ञानियो में अग्रगण्य है, बल और बुद्धि के महासागर है, जिनकी काति स्वर्णशैल–सी दीप्तिमान है और जिनकी कृपा से दुर्गम व अंसभव कार्य भी सुगम और सभव बन जाते हैं; उन परम कृपालु मेरे इष्टदेव भगवान मारूति का मै अल्पज्ञ और मतिमद इस समय उनके अनुग्रह की कामना से स्मरण एवं उनकी वदना करता हूँ। चूंकि मुझ मतिहीन के पास उनकी कृपा, प्रेरणा और आशीष के अलावा कुछ भी नहीं है। वे ही मेरे प्रेरक, मेरे गुरू, मेरे स्वामी और पिता है जिनकी वात्सल्यमयी प्रेरणा ने मुझे 'कुडली कल्पतरू' की रचना के लिए प्रेरित किया है तो वे ही मेरे मार्गदर्शक मुझे अपने गतव्य तक पहुँचने से मेरी सहायता करे।

इनके अलावा साधना के इन 35 वर्षो मे जिन देव शक्तियों के आशीर्वाद की प्रसादी मुझे समय–समय पर प्राप्त होती रही उन सभी–मा गायत्री, भगवती दुर्गा, आशुतोष शिव एव विघ्नहर्ता विनायक–का भी मैं इस समय स्मरण करने के साथ उनकी वंदना करता हूँ। वे भी मुझ ज्ञानहीन की इस कार्य मे सहायता कर उसे पूर्णता प्रदान करने में सहायक बने।

"कृष्णे वन्दे जगद्गुरुम्"



निम्बार्क गंगा सोसायटी, स्थल उदयपुर (राज.)

श्री मुरलीमनोहरशरण शास्त्री
मेवाड महामण्डलेश्वर, अध्यक्ष

शुभानुशंसनम्

गणितज्ञ विद्वान् श्री रमेश चन्द्र जी पंड्या महानुभाव "कुडली कल्पतरू" रचना निर्माण्य ज्योतिष शास्त्र कार्यरताना विदुषा कृते महनीयोपकारं कृतवान् इति मन्ये।

फलकथन कर्मणि गणितस्य महत्व सर्वे स्वीकूर्वन्ति तत्क्रमे एषा रचनां वास्तविक लग्न साधन सविदधाति–देशविदेश क्षेत्रादि मानमवलम्ब्य लग्न स्पष्ट काल शुद्धिकरण अनेन् विदुषा निष्पादितम्। दुरूहं कार्य–जात सारल्य उदेयाति. ग्रहादि स्पष्टीकरणम् अपि अयनादि क्रमेण् अपि विहितम्। अन्यमपि सारिणि चक्रम्, दशाचक्र, सरलीकृतम्, अतएव अनया रचनयौ विदुषा हार्द अभिप्राय सफलीभूतम् इति विश्वसितम् श्रम साफल्य स्थात् एषा अनुशसास्यात् लोकहितारा ज्ञान विज्ञानाभिवृद्धर्थं प्रत्यक्ष शास्त्रे विश्वासानुकूल्य स्यात् तदर्थं भगवता श्री द्वारकाधीश अनुनयेन प्रार्थयामि।

एषा कृति सत्वरमेव प्रकाश्यमाना भविष्यतीति लोकदायित्वम् सर्वे राह कारिण समर्थाः योग क्षेमेण् अल कूर्वन्त श्रममिदम् इत्याशासे। कृतस्य श्रमस्य अभिनन्दनम् अस्मदीयं पावन कृतय स्वीकरोमि, इतिशम्

श्री मुरली मनोहर शरणः
मेवाड महा मण्डलेश्वरः
स्थलाश्रम. उदयपुरम्

अखिल भारतीय संस्कृत परिषद दिल्ली (पजीकृत)

श्री वासुदेव शास्त्री
महासचिव

All India Council Sanskrit
New Delhi (India)

संदेश

प्रिय पड्या जी,

आप द्वारा लिखित "कुण्डली कल्पतरू" नामक ज्योतिषग्रन्थ का मैने आद्योपान्त पक्तिश अवलोकन किया। आपके श्रमसाध्य प्रयत्न से अब यह प्रमाणित हो जायेगा कि ज्योतिष अपने आप मे एक विज्ञान है। शास्त्रो मे उल्लेख है कि "ज्योतिषं तृतीय नेत्रम्" अर्थात् ज्योतिष ईश्वर का तीसरा नेत्र है। आज के भौतिकवादी युग मे अपने भविष्य निर्माण की चिन्ता मे भटक रहे युवको, युवतियो तथा अन्य व्यक्तियो को अपनी भावी का सकेत मिलेगा और वे जीवन निर्माण की दिशा मे अग्रसर हो सकेगे।

मैने पाया की "कुण्डली कल्पतरू" मे आपने निम्नाकित अति उपयोगी सामग्री का सोदाहरण समावेश किया है। इसकी सहायता से सामान्य पढा–लिखा व्यक्ति भी अति सुगमता से शुद्ध कुण्डली का निर्माण कर सकता है :–

1 भारत के सभी प्रमुख शहरो, कस्बो एव गॉवो के तथा विश्व के मुख्य शहरो के अक्षाश, देशाश एव रेखांतर।
2 सन् 1901 से 2051 तक के सापतिक काल एव मध्यम अयनाश
3 शून्य अक्षाश से 60 अक्षांश तक की लग्न सारीणियॉ
4 पञ्चाङ्ग ज्ञान
5 राजस्थान के जिला मुख्यालयो एव भारत के सभी प्रदेशो की राजधानियो तथा विश्व के किसी भी अक्षाश स्थल के लिए चरान्तर एव वेलान्तर सारिणी
6 प्राचीन एवं अर्वाचीन ग्रहदशा।
7. ग्रह एव राशि सम्बन्धी अति उपयोगी सामग्री व सारिणियॉ।


संक्षेप में, यह ग्रन्थ अपने नाम के अनुरूप 'यथा नाम तथा गुण' की सूक्ति को चरितार्थ करने के साथ–साथ कुण्डली निर्माण करने के इच्छुक बन्धुओ के लिये भी यह "कल्पतरू" सिद्ध होगा। विशेषतः उदयपुर, डूंगरपुर एवं बासवाडा के ज्योतिषियो व ज्योतिष शास्त्र में जिज्ञासा रखने वालो के लिए भी यह ग्रन्थ उपादेय है। ज्योतिष के जो पारम्परिक विद्वान् प्राचीन पद्धति से सूर्योदय पर आधारित घडीपल से कुण्डली निर्माण करते हैं, उनका मार्ग भी यह ग्रन्थ प्रशस्त करेगा। मेरे विचार से इस मेवाड–वागड क्षेत्र में इस प्रकार का यह प्रथम प्रयास स्तुत्य है।

मेरा विश्वासहै कि कालान्तर मे राजस्थान ही नहीं अपितु देश के विश्वविद्यालयो में चल रहे ज्योतिष विषय के पाठ्यक्रम मे "कुण्डली कल्पतरू" ग्रन्थ को सम्मिलित किया जाएगा।

भारते ज्योतिष शिक्षण तत्पराणा नित्यं नवोन्मेशगुणा बुधानाम्।
नूतनं नवाचार विधानयुक्तं इद "कल्पतरूं" भाविकाय भूयात्।।

– वासुदेव शास्त्री
महासचिव

डॉ मिथिलेश कुमार शर्मा
भव्य व्याकरणाचार्य, शिक्षाशास्त्री
एम ए., पी एच डी



सम्मति :

'ज्योतिषा सूर्यादिग्रहाणा बोधक शास्त्रम्' हि ज्योतिष शास्त्रम् इति परिभाषया यत्र नवग्रहादि नक्षत्राणां विवेचन जायते, तत्तुं ज्योतिषम्।

वेद भगवत. चक्षु ज्योतिषम्। यथोक्तम् पाणिनीय शिक्षायाम् — छन्द पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते।

ज्योतिषामयन

शिक्षा घ्राण तु वेदस्य मुख व्याकरण स्मृतम्।

तस्मात्साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते।

नेत्रस्य महत्वं प्राणीना कृते कीदृग् इति तु जानन्त्येव तत्रभवन्त.। यथा जीवनपथदर्शक नेत्रम्, तथैव त्रिकालदर्शक ज्योतिषम्। स्व भविष्यदर्शने सर्वेषा रूचि.। एतदर्श ज्योतिषशास्त्र मानवजीवन स्वलक्ष्योन्मुखीकृत्वा त्रिकाले दीव्यति। ज्योतिषशास्त्रं कर्मणि सयोजयति, न तु सर्व भाग्याधीनं सयोजयतीति।

ज्योतिष शास्त्र मात्र शास्त्र न वर्तते, अपितु विज्ञानं वर्तते। विज्ञानं तु तर्केण प्रतिपाद्यते, न तु विश्वासेन। अत. सर्वेऽपि ज्योतिषं विज्ञानं मन्वते। ज्योतिष विज्ञानं सर्वसुलभज्ञानं कया रीत्या भवेद् इति तु विचारणीय. प्रश्नः। इदमेव कारण यद् वयं विशिष्टज्ञानविहीना स्म.।

अनया दृष्टया उदयपुरस्थ ज्योतिष शोधसकायस्य निदेशकेन पण्डितवरेण श्री रमेशचन्द्र जी, पण्ड्या महाभागेन कृतप्रयत्नोऽपि श्लाघनीय.। तेन 'कुण्डलीकल्पतरू:' नामको ग्रन्थ सर्वसामान्यजनानां कृते समुपस्थापित'। अल्पपठिताऽपि अनेन अध्यापनेन ज्योतिषज्ञाने समक्षा' भविष्यन्तीति, नाऽत्र सन्देह। सरल पद्धत्या गूढ ज्योतिषशास्त्रस्य समुपस्थापनं ग्रन्थस्य विशेषता वर्तते। अस्मिन् ग्रन्थे सरलतया विश्वकालज्ञान चक्रादीना विवेचन वर्तते।

अनेन ग्रन्थेन ज्योतिषशास्त्राध्ययने प्रवृत्तानां, जिज्ञासूनां, छात्राणां, विदुषां ज्योतिषानुरागिणां च महॉल्लाभो भविष्यतीति सामोदं सम्मन्वे।

निवेदक
—डॉ. मिथिलेश कुमार शर्मा

OPINION OF SHRI K.C. SHASTRI

(Editor of the Archaeological Research, Journal "ANVESHANA" & Director, Maharana Mewar Historical Publication Trust, Udaipur (Raj)

Among the ancient Indian sciences, the science of heavenly bodies i c. Astronomy has an important place As a matter of fact, Rajasthan too. without ever legging behind has kept on contributing from time to time to the field of astronomy as well as astrology for its expansion and its patronage also Present work "Kundali Kalpataru" is a contribution, of late, to the field in thesame great and glorious tradition

Mr. Ramesh Chandra G Pandya by dint of his intensive and extensive astronomical as well astrological studies has not only made a good and successful endeavour to open a new window for the inquisitive readers and learners of astrology by means ofthis book to peep into a new sphere of knowledge but he has also met the long felt dearth of such a complete book on the subject in Hindi in accordance with the modern method of erecting a correct birth chart and casting a horoscope with the help of sidereal time longitude and latitude of the place of birth in lieu of old and traditional method based on the sun-rise and Ghadi-pals.


As s subject, Astrology or Astronomy hardly needs any introduction as regards its usefulness in our lives. Althouth this science has also been polluted to some extent by externalists yet neither its scientific basis has been damaged nor the spontaneous faith of society in it has ever been lessened nor it will be lessened a little in future At this juncture, this type of effort made by Shri Pandya is indeed, praiseworthy

I hope, students, savants nd dilettantes of the subject will equally derive benefit from this book

Further, I congratulate the auther and the Publisher of the book

- K C Shastri

भारत की कुण्डली


अडमान–निकोबार, मणिपुर, मिजोरम,
नागालैंड, अरूणाचलप्रदेश
11
9
असम, त्रिपुरा
मेघालय
12
8
10
पश्चिम बगाल
सिक्किम
1
7
गुजरात,
जम्मू–कश्मीर,
महाराष्ट्र, गोवा
4
पजाब,
हरियाणा,
हिमाचलप्रदेश,
केरल, दिल्ली,
मध्यप्रदेश,
राजस्थान
बिहार,
उडीसा
2
6
उत्तरप्रदेश
तमिलनाडू
3
5
आध्र प्रदेश,
कर्नाटक
पाडिचेरी

कुण्डली – कल्पतरू

(गणित भाग)

अध्याय 1

3 ज्योतिष शास्त्र –

किसी जातक के जन्म समय के खगोल स्थित ज्योतिपिडों – नक्षत्रो एवं ग्रहों – की गति और स्थिति के आधार पर उसके जीवन पर पडने वाले उनके शुभाशुभ प्रभाव को बताने वाले शास्त्र को ही ज्योति· शास्त्र या ज्योतिषशास्त्र कहा जाता है।

पूर्व के आचार्यों ने व्याकरण को वेद–पुरूष का मुँह, ज्योतिषशास्त्र को ऑखे, निरूक्तशास्त्र को कान, कल्पशास्त्र को हाथ, शिक्षाशास्त्र को नाक और छंदशास्त्र को पैर बताया है।

जिस प्रकार मानव जीवन मे ऑखों की उपादेयता स्वयं सिद्ध है उसी प्रकार समस्तशास्त्रों में ज्योतिषशास्त्र की उपादेयता भी स्वयं सिद्ध है। यही वह शास्त्र है जो भूत, भविष्य और वर्तमान के घटनाचक्र को, मानव–जीवन पर पडने वाले ग्रहो के शुभाशुभ प्रभाव को एव कुदरत के रहस्यों को समझने एव उन्हे उद्घाटित करने की क्षमता प्रदान करता है।

ज्योतिषशास्त्र को चार लाख श्लोकों का बताया गया है। इसके तीन स्कंध है। (1) गणित (सिद्धान्त) (2) जातक (होरा) और (3) संहिता। किसी–किसी के मत से उक्त तीन स्कंधों के अलावा (4) स्वर और (5) सामुद्रिक नामक दो स्कंध और भी है।

यहॉ हम तत्सम्बन्धी विस्तार मे नहीं जाकर हमारे लिए जो आवश्यक और उपयोगी है उसी पर विचार करेगे।

अध्याय 2

2 पचाग ज्ञान –

ज्योतिषशास्त्र का प्रारम्भिक ज्ञान हम पचाग से प्रारभ करते है। काल के पॉच अगो (1) तिथि (2) वार (3) नक्षत्र (4) योग और (5) करण के समूह का नाम ही पचाग है। इन पाच अगो का आधार सूर्य और चन्द्र की गति एव स्थिति है।

(i) तिथि –

चन्द्र और सूर्य के बीच 12–12 अश का अन्तर बताने वाली सज्ञा को तिथि कहते है। ये 30 है जो दो– (पन्द्रह–पन्द्रह के) पक्षो–शुक्ल एव कृष्ण में विभाजित हैं।

चूकि राशि, अंश, कला और विकला का उल्लेख बारम्बार होगा इसलिए उनके बारे में भी जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। 60 विकला = 1 कला, 60 कला = 1 अंश और 30 अश = 1 राशि और 12 राशि बराबर 360 अंश या एक सम्पूर्ण भचक्र। जब हमे राशि से विकला प्राप्त करनी हो तब राशि में 30 का गुणा करने पर अश, अंश मे 60 का गुणा करने पर कला, कला में 60 का गुणा करने पर विकला और विकला मे 60 का गुणा करने पर प्रति विकला प्राप्त होती है। इसी प्रकार जब विकलाओं से राशि प्राप्त करनी होती है तब विकलाओ मे 60 का भाग देने पर लब्धि कला और शेष विकला, (लब्धि = भाग फल), कला मे 60 का भाग देने पर लब्धि ा अंश शेष कला, अश मे 30 का भाग देने पर लब्धि राशि शेष अश प्राप्त होते है।

राशि, अश, कला, विकला में राशि, अंश, कला, विकला को जोडने पर यदि राशि संख्या 12 से अधिक हो तो उसमे 12 का भाग देने पर शेष को राशि मानना चाहिये। इसी प्रकार राशि, अश कला विकला में रो राशि अंश कला विकला घटाने पर यदि राशि की घटायी जाने वाली सख्या अधिक हो तो उस राशि में (जिसमें से राशि घटायी जाना है) 12 जोड़कर उस संख्या को घटाना चाहिये।

शुक्ल पक्ष की तिथियॉ –

(1)	प्रतिपदा–पडवा, एकम	(9)	नवमी–नोम
(2)	द्वितीया–दूज	(10)	दशमी–दशम
(3)	तृतीया–तीज	(11)	एकादशी–ग्यारस
(4)	चतुर्थी–चौथ	(12)	द्वादशी–बारस
(5)	पचमी–पांचम	(13)	तृयोदशी–तेरस
(6)	षष्ठी–छठ	(14)	चतुर्दशी–चौदस और
(7)	सप्तमी–सातम	(15)	पूर्णिमा–पूनम
(8)	अष्टमी–आठम		

कृष्ण पक्ष की तिथियॉ –

शुक्ल पक्ष की तरह इसमे भी 16वी से 29वी तिथि को (16) प्रतिपदा, (17) द्वितीया (18) तृतीया आदि क्रमश (29) चतुर्दशी तक गिना जाता है और 30वी तिथि को अमावस्या कहा जाता है।

पचाग मे इन्हे अको (1) (2) (3) आदि मे दर्शाया जाता है, शब्दो मे नही।

शुक्ल पक्ष मे प्रतिपदा से चन्द्रमा का आकार दिन–प्रतिदिन बढकर पूर्णिमा को पूरा गोलाकार हो जाता है। लेकिन उसके बाद चन्द्रमा का आकार प्रतिदिन घटकर अमावस्या तक पूरी तरह लुप्त हो जाता है। शुक्ल पक्ष को उजाला और कृष्ण पक्ष को अधेरा पखवाडिया (पक्ष) भी कहा जाता है। इसके अलावा उसे शुद और वद भी कहते है। शुक्ल पक्ष में सूर्यास्त के समय से ही चन्द्र आकाश मे दिखाई देता है जबकि कृष्ण पक्ष मे सूर्यास्त के समय चन्द्र दिखाई नहीं देकर रात को क्रमश देर–देर से दिखाई देता है।

(ii) वार –

हिन्दू लोग एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक के समय को वार या दिन कहते है। यह 24 घंटे = 60 घडी का होता है। समय की यह इकाई निम्न प्रकार से विभाजित है :–

A	60 सेकण्ड	=	1 मिनिट,	B	60 विपल = 1 पल
	60 मिनिट	=	1 घंटा,		60 पल = 1 घडी
	24 घंटा	=	1 दिन व रात		60 घडी = एक अहोरात्र

D	2 घडी 30 पल	1 घटा	C	1 घडी	= 24 मिनिट
				1 पल	= 24 सेकण्ड,
				1 विपल	= 24 प्रति सेकण्ड

मुसलमान एक सूर्यास्त से दूसरे सूर्यास्त तक के समय को वार या दिनाक कहते है या मानते है।

ईसाई मध्यरात्रि (रात्रि के 12 बजे या 0 बजे) से दूसरे दिन की मध्यरात्रि तक के समय को वार और दिनाक मानते है।

वार सात है जिनके नाम निम्न प्रकार है :—

	हिन्दू नाम	मुसलमान नाम	इसाइ नाम
1	रविवार	इतवार	सन्डे
2	सोमवार	पीर	मन्डे
3	मगलवार	मगल	ट्यूजडे
4.	बुधवार	बुध	वेंज्डे
5	गुरूवार	जुम्मा	थर्सडे
6.	शुक्रवार	जुमेरात	फ्राइडे
7.	शनिवार	सनिचर	सटरडे

(iii) नक्षत्र —

क्रांतिवृत के 360° अश 27 भागों में विभाजित किये गये है। इन भागो को नक्षत्र कहा गया है। आकाश में परिभ्रमण करते हुए चन्द्र को क्रातिवृत के आरम्भ स्थान से प्रत्येक नक्षत्र विभाग मे घूमने मे जितना समय लगता है वह नक्षत्र भोग का समय होता है। चन्द्र नक्षत्र विभाग के जिस भाग मे हो उस नक्षत्र–विभाग का नाम उस समय को दिया हुआ होता है। चन्द्र की कम या ज्यादा गति के अनुसार नक्षत्र का समय भी कम ज्यादा होता है। नक्षत्रो के नाम निम्न प्रकार है —

1. अश्विनी,	10 मघा,	19. मूल,
2. भरणी,	11. पूर्वाफाल्गुनी	20. पूर्वाषाढा,
3 कृतिका,	12. उत्तराफाल्गुनी	21. उत्तराषाढा,
4. रोहिणी,	13 हस्त,	22 श्रवण,
5 मृगशीर्ष,	14. चित्रा,	23. धनिष्ठा,
6. आर्द्रा,	15 स्वाती	24 शतभिषा,
7 पुनर्वसु,	16. विशाखा,	25 पूर्वाभाद्रपदा,
8 पुष्य,	17 अनुराधा,	26 उत्तराभाद्रपदा
9 आश्लेषा,	18 ज्येष्ठा	27. रेवती

इनके अलावा उत्तराषाढा के चतुर्थचरण राश्यादि = 9रा 6अं 40क 0 वि से श्रवण नक्षत्र के प्रथम 1/15 वे भाग राश्यादि = 9रा 10अ 53क 20वि तक के चन्द्र मे अभिजित नक्षत्र माना जाता है।

प्रत्येक नक्षत्र के चार चरण होते है। एक नक्षत्र 13 अश 20 कला का और एक चरण 3 अश 20 कला का होता है।

(iv) योग –

सूर्य और चन्द्र की राशि अश कला विकला के योग के प्रत्येक 13 अश 20 कला के भाग को योग कहा जाता है। ये भी नक्षत्रो की तरह 27 है। इनके नाम इस प्रकार है .–

1 विष्कुभ	10 गड	19. परिध
2 प्रीति	11 वृद्धि	20. शिव
3 आयुष्मान	12 ध्रुव	21 सिद्ध
4 सौभाग्य	13 व्याघात	22 साध्य
5 शोभन	14 हर्षण	23 शुभ
6 अतिगंड	15 वज्र	24 शुक्ल
7 सुकर्मा	16 सिद्धि	25 ब्रह्मा
8 धृति	17 व्यतिपात	26 ऐन्द्र,
9 शूल	18 वरियान	27 वैधृति

(v) करण –

विकला) मे से सूर्य राश्यादि को घटाने पर प्राप्त राश्यादि में के प्रत्येक 6 अश के अन्तर को करण कहा जाता है। ये कुल ग्यारह है जिनमे –

चर करण		स्थिर करण
1. बव	5. गर	1. शकुनि
2 बालव	6. वणिज	2 चतुष्पाद
3. कौलव	7 विष्टि	3 नाग
4 तैतिल		4 किस्तुघ्न

स्थिरकरण कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के द्वितीय भाग (अर्थात् 11 रा 12 अंश से 11 रा 18 अंश) से क्रमश शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के प्रथम भाग (अर्थात् 0 राशि 6 अश) तक सदा बने रहते है।

अध्याय 3

2. वर्ष ज्ञान –

पंचाग के उक्त पॉच अगो की जानकारी के साथ भारत मे प्रचलित विविध वर्ष परम्परा के संबध मे भी ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। ये निम्न प्रकार प्रचलित है–

1. सवत्, 2 शालिवाहन शक, 3. संवत्सर 4. कृष्ण सवत्, 5. जैन सवत्, 6. कलिकाल संवत्, 7 हिजरी सन्, 8. ईस्वी सन्, 9 पारसी सन् और 10. भारतीय वर्ष।

(i) सवत् –

इसे विक्रम सवत् कहा जाता है। भारत के उत्तरी भाग के प्रदेशों में इसका प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (जब ईस्वी सन् का मार्च–अप्रैल महीना होता है) से, कच्छ हालार मे आषाढ शुक्ल प्रतिपदा (जब ईस्वी उन् का जून–जुलाई महीना होता है) से, गुजरात काठियावाड में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा (जब ईस्वी सन् का अक्टूबर–नवम्बर महीना होता है।) से माना जाता है।

सन् में 56 जोडने पर 1 जनवरी का संवत् आता है। इस वर्ष के चैत्रादि महीने निम्न प्रकार है –

1. चैत्र	7. आश्विन
2. वैशाख	8. कार्तिक
3. ज्येष्ठ	9. मार्गशीर्ष
4. आषाढ	10. पौष
5. श्रावण	11. माघ
6. भाद्रपद	12. फाल्गुन

यह प्रत्येक महीना 30 तिथि का होता है

(ii) शालिवाहन शक संवत्–

काल गणना में इसका प्रारम्भ मेष सक्रांति से माना जाता है। लेकिन महाराष्ट्र तथा दक्षिण भारत में इसका प्रारम्भ चैत्र शुक्ल (गुड़ी पडवा) से माना जाता है।

ईस्वी सन् में से 79 वर्ष घटाने पर 1 जनवरी का शक संवत् प्राप्त होता है।

उत्तर भारत में सवत् या शक का प्रारम्भ जहॉ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है वहॉ वे पूर्णिमान्त महीने होते है अर्थात् महीने का प्रारम्भ कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से माना जाता है और अंत शुक्ल पक्ष की पूनम को होता है। गुजरात और दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर, बासवाडा जिलों मे मास का प्रारम्भ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से और अन्त कृष्ण पक्ष की अमावस्या को माना जाता है।

(iii) सवत्सर –

इन्हे चाद्र वर्ष अर्थात् चैत्र से फाल्गुन तक के 12 चन्द्र आधारित महीनो के समूह को चान्द्र वर्ष या सवत्सर कहा जाता है। ये साठ है–

1 प्रभव	21 सर्वजित्
2 विभव	22 सर्वधारी
3. शुक्ल	23 विरोधी
4 प्रमोद	24. विकृति
5. प्रजापति	25. खर
6 अगिरा	26 नदन
7 श्रीमुख	27 विजय
8. भाव	28. जय
9. युवा	29. मन्मथ
10 धाता	30. दुर्मुख
11. ईश्वर	31. हेमलम्बी
12. बहुधान्य	32. विलम्बी
13. प्रमाथी	33. विकारी
14 विक्रम	34. शार्वरी
15. वृष	35. प्लव
16. चित्रभानु	36. शुभकृत
17 सुभानु	37. शोभन
18. तारण	38. क्रोधी
19 पार्थिव	39. विश्वावसु
20. व्यय	40. पराभव

(i) संवत् संवत्सर –

सवत् की सख्या मे 9 जोडकर 60 का भाग देने पर शेषांक के अनुसार सवत् का संवत्सर (शेषाक = प्रभव, 2 = विभव आदि) आता है।

(i) शक सवत्सर –

शक की संख्या मे 12 जोड़कर 60 का भाग देने पर शेषाक के अनुसर शक–संवत्सर का नाम होता है।

(iv) कृष्ण सवत्–

शालिवाहन शक की सख्या मे 3304 वर्ष जोडने पर कृष्ण सवत् प्राप्त होता है।

(v) महावीर या जैन सवत् –

विक्रमी सवत् मे 470 वर्ष जोडने पर यह सवत् प्राप्त होता है। इसकी गणना भगवान महावीर के निर्वाण दिवस (कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा) से होती है।

(vi) कलिकाल सवत् –

शालिवाहन शक में 3179 जोडने पर कलिकाल संवत् आता है। इसका प्रारम्भ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और निरयन मेष के सूर्य से होता है।

(vii) हिजरी सन् –

पैगम्बर मोहम्मद साहब के मक्का से मदीना हिजरत करने (जाने) से इस सन् का प्रारम्भ हुआ है। उस समय शक 544 कार्तिकी विक्रम 678 (श्रावण) शुक्ल प्रतिपदा) तथा पुराने अग्रेजी कलेण्डर के अनुसार 15 जुलाई 622 गुरूवार था। अत शक में से 544 घटाने पर शेष हिजरी सन् प्राप्त होता है।

मुस्लिम महीने –

महीना	दिन	महीना	दिन
1 मोहर्रम	29	7 रज्जब	29
2. सफर	30	8. शाबान	30
3. रबी–उल–अव्वल	29	9. रमजान	29
4. रबी–उल–आखर	30	10. सव्वाल	30
5 जमादी–उल–अव्वल	29	11. जिल्काद	29
6. जमादी–उल–आखर	30	12 जिल्हेज	30

किसी भी मास का प्रारम्भ चन्द्र दर्शन से माना जाता है। चन्द्र पर आधारित यह वर्ष 354 दिन का होता है।

हिजरी सन् मे 30 का भाग देने पर यदि शेष 2 5 10 13 18 21.24.26 29 रहे उस सन् मे 354 दिन के बजाय 355 दिन होते है। यह 1 (एक) दिन अतिम जिल्हेज मे जोड दिया जाता है।

(viii) ईस्वी सन् –

इसे ईसाई वर्ष भी कहते है। इसकी गणना महात्मा ईसा मसीह के जन्मकाल से प्रारम्भ होना मानी जाती है।

विक्रम संवत् मे 56 घटाने पर 1 जनवरी (पौष माह) का सन् आता है।

शक मे 79 जोडने पर 1 जनवरी का सन् आता है। इस वर्ष की (सायन मान से) लम्बाई 365 दिन 5 घटे 48 मिनिट 45 5097 सेकण्ड है। लेकिन 4 अक्टूबर 1582 तक इसे 365 दिन 6 घटे का माना गया। अत. प्रत्येक 4 वर्ष मे 1 दिन बढा दिया जाता रहा। लेकिन पोप ग्रेगरी व उमर–खय्याम की काल गणना के अनुसार 5 अक्टूबर 1582 को 15 अक्टूबर 1582 मानकर बढी हुई दिन सख्या की भूल को सुधार दी गई। तत्पश्चात् शताब्दी के प्रत्येक चौथे वर्ष को तो फरवरी महीने मे एक दिन बढाकर प्लुत वर्ष माना गया लेकिन शताब्दी वर्ष जिसमे 400 से भाग देने पर यदि शेष बचता है तो उस शताब्दी वर्ष को सामान्य वर्ष और यदि शेष नही बचता है तो प्लुत वर्ष (लीप इयर) माने जाने की व्यवस्था की गई। तदनुसार सन् 1600, 2000, 2400 आदि प्लुत वर्ष होगे जबकि 1700, 1800, 1900, 2100, 2200, 2300 आदि वर्ष सामान्य होगे। सामान्य वर्ष 365 दिन का होता है जबकि प्लुत वर्ष 366 दिन का होता है।

इस सन् के 12 महीनो के नाम ये है –

महीना	दिन	महीना	दिन
1 जनवरी	31	7 जुलाई	31
2 फरवरी	28*	8 अगस्त	31
3. मार्च	31	9 सितम्बर	30
4. अप्रैल	30	10. अक्टूबर	31
5. मई	31	11. नवम्बर	30
6 जून	30	12. दिसम्बर	31

"सामान्य वर्ष मे फरवरी के 28 दिन और प्लुत वर्ष मे 29 दिन होते है।

(ix) पारसी वर्ष –

कई जरथोस्ती सूर्य के निरयन मेष सक्रमण दिनांक 14 अप्रैल से वर्षारम्भ मानते है। प्रत्येक महीना 30 दिन का होता है। अंत मे 5 दिनो को गाथा के रूप में जोड दिये जाते है। इस प्रकार पूरा वर्ष 365 दिन का होता है।

पारसी महीने –

महीना	दिन	महीना	दिन
1. फरवर दीन	30	7 महेर	30
2. अरदी बेहस्त	30	8 आबान	30
3. खोरदाद	30	9 आजर	30
4 तीर	30	10. देहे	30
5 अमरदाद	30	11 बहमन	30
6 शहे रेवर	30	12. स्पन्दारमद	30

वर्ष को 'सन्ने यजदे जरही' कहा जाता है। यह वर्ष करीब–करीब अगस्त महीने मे बदलता है।

(x) भारतीय वर्ष –

डॉ. मेघनाद सहा की अध्यक्षता में नवम्बर, 1952 में गठित पंचाग सुधार समिति की रिपोर्ट के अनुसार 22 मार्च, 1957 से तारीख 1 चैत्र 1979 (शक) गिनने का निश्चय किया गया।

भारतीय सन् के महीने संवत् और शक के महीनों के अनुसार ही रखे गये है। लेकिन दिनों की संख्या 31/30 की रखी गई है और मासारम्भ 21/22 माच स माना गया ह जा ानम्न प्रकार ह –

महीना	दिन	मासारम्भ तारीख
1. चैत्र	30/31	21/22 मार्च
2 वैशाख	31	21 अप्रैल
3. ज्येष्ठ	31	22 मई
4. आषाढ	31	22 जून
5 श्रावण	31	23 जुलाई

	महीना	दिन	मासारम्भ तारीख	
6	भाद्रपद	31	23	अगस्त
7	आश्विन	30	23	सितम्बर
8	कार्तिक	30	23	अक्टूबर
9	मार्गशीर्ष	30	22	नवम्बर
10	पौष	30	22	दिसम्बर
11.	माघ	30	21	जनवरी
12.	फाल्गुन	30	20	फरवरी

प्लुत वर्ष में चैत्र के 31 दिन और मासारम्भ की तारीख 21 मार्च होती है।

अध्याय 4

अयन, गोल एव ऋतु –

(i) अयन –

अयन दो है – 1. उत्तरायन तथा 2. दक्षिणायन

उत्तरायन – जब सूर्य सायन मकर से सायन मिथुन तक का रहताहै तब उसकी गति उत्तर की ओर होती है। अत उक्त अवधि को उत्तरायन कहा गया है। दूसरे शब्दों में 22 दिसम्बर से 22 जून तक के समय को उत्तरायन कहा जाता है।

दक्षिणायन– जब सूर्य सायन कर्क से सायन धनु राशि तक का रहता है तब उसकी गति दक्षिण की ओर होती है। अत· उक्त अवधि ा को दक्षिणायन कहा गया है। दूसरे शब्दो में 22 जून से 22 दिसम्बर तक के समय को दक्षिणायन कहा जाता है।

(ii) गोल –

अयन की तरह गोल भी दो हैं – 1. उत्तर गोल और, 2. दक्षिण गोल। भू मध्य रेखा (0° अक्षांश) द्वारा भू मण्डल के दो बराबर भाग कर दिये गये है। भू मध्य रेखा को विषुववृत्त या शून्य अक्षांश भी कहते है। विषुवतवृत्त के ऊपर वाले भाग को उत्तर गोल और नीचे वाले भाग को दक्षिण गोल कहते है। गोल गोलार्द्ध का ही नाम है। ये दोनों गोलार्द्ध मिलकर ही सम्पूर्ण भूमण्डल का दर्शाते है। उत्तर गोल जब सायन सूर्य मेष से सायन कन्या राशि तक का रहता है तब उसे उत्तर गोल कहा जाता है। 21 मार्च से 22 सितम्बर तक का समय सूर्य के उत्तरी गोलार्द्ध में परिभ्रमण का होता है दक्षिण गोल जब सूर्य सायन तुला राशि से सायन मीन राशि में अर्थात् 22 सितम्बर से 21 मार्च तक के समय में दक्षिण गोलार्द्ध मे परिभ्रमण करता है तब उसे दक्षिण गोल कहा जाता है।

(iii) ऋतु –

सायन्न सूर्य की राशि के अनुसार उत्तरी व दक्षिणी अक्षांश के देशों के निम्न प्रकार की ऋतु रहती है –

सायन सूर्य की राशि	उत्तरी अक्षांश ऋतु	दक्षिणी अक्षाश ऋतु
मीन–मेष	बसन्त	शरद
वृषभ–मिथुन	ग्रीष्म	हेमन्त
कर्क–सिह	वर्षा	शिशिर
कन्या–तुला	शरद	बसन्त
वृश्चिक–धनु	हेमन्त	ग्रीष्म
मकर–कुभ	शिशिर	वर्षा

अध्याय 5

सायन एवं निरयन वर्ष तथा अयनांश

(i) सायन वर्ष –

उत्तरायन एवं दक्षिणायन इन दो अयनो का परिभ्रमण करने मे सूर्य को जितना समय लगता है उसे सायन वर्ष कहते है। यह वर्ष 365 दिन 5 घटे 48 मिनिट 45.5097 सेकण्ड का होता है।

(ii) निरयन वर्ष –

सूर्य को अपने मार्ग का परिभ्रमण करने मे जितना समय लगता है उसे निरयन वर्ष कहते हैं। यह वर्ष 365 दिन 6 घंटे 9 मिनिट 9 7632 सेकण्ड का होता है। चूकि इसका सम्बन्ध अयन से नहीं है इसलिए उसे निरयन वर्ष कहते है।

(iii) अयनाश –

सायन एव निरयन वर्ष में 20 मिनट 24 सेकण्उ जितना अन्तर है। इस समयावधि मे सूर्य अपने परिभ्रमण काल मे विषुववृत्त के करीब 50 25 विकला पीछे रह जाता है। इस प्रकार प्रतिवर्ष 50.25 विकला का जो अन्तर पडता जाता है उसे अयनाश कहते है। करीब 72 वर्ष मे 1 अंश का अन्तर पड जाता है। अयनांश की इस गति को (50.25 विकला को) अयन गति कहते है। जब निरयन राशि में अयनांश जोडे जाते है तब सायन राशि प्राप्त होती है और सायन राशि मे से अयनांश घटाने पर निरयन राशि प्राप्त होती है।

अधिक और क्षय मास –

हिन्दुओं के वर्ष का आधार सूर्य एव चन्द्र के वर्ष मान का आपसी सुमेल है।

सूर्य – निरयन मान – = 365 दिन 6 घंटे 9 मि. 9.7632 से

चन्द्र का वर्ष मान – = 354 दिन 8 घंटे 48 मि 34.3797 से.

दोनो का अन्तर – = 10 दिन 21 घंटे 20 मि. 35.3838 सेकण्ड

अधिक मास –

सूर्य और चन्द्र के वर्ष मान का यह अन्तर बढते--बढते सामान्यतः 32 महीने 17 दिन मे 30 दिन का हो जाता है। इस अन्तर को समाप्त करने के लिए 33 महीनो मे एक अधिक मास की व्यवस्था की गई है ताकि दोनो वर्षमानो का सुमेल बना रहे। स्पष्ट मान से 28 से 35 महीने मे 1 अधिक मास आता है और मध्यमान से 33½ महीने मे। अधिक मास का निर्धारण स्पष्ट मान से किया जाता है। अधिक मास सामान्यतः फाल्गुन से आश्विन तक के आठ महीनो मे से ही कोई महीना होता है।

शुक्त पक्ष की प्रतिपदा के आरम्भ होने के समय सूर्य की निम्नाकित राशि के अनुसार चान्द्र मास का नाम निर्धारित किया जाता है।

	सूर्य राशि	चान्द्रमास		सूर्य राशि	चान्द्रमास
1.	मेष	वैशाख	7.	तुला	कार्तिक
2.	वृषभ	ज्येष्ठ	8.	वृश्चिक	मार्गशीर्ष
3.	मिथुन	आषाढ़	9.	धनु	पौष
4.	कर्क	श्रावण	10.	मकर	माघ
5.	सिह	भाद्रपद	11	कुंभ	फाल्गुन
6.	कन्या	आश्विन	12.	मीन	चैत्र

नोट – आगामी वर्षों के अधिक एवं क्षय मास आगे पृष्ठ पर दिये जा रहे है।

जब सूर्य उपर्युक्त राशि मे से किसी राशि मे हो उस समयावधि में चन्द्र मास की दो शुक्ल प्रतिपदाओ का प्रारम्भ होता है तब पहली प्रतिपदा का महीना अधिक मास और दूसरी प्रतिपदा का महीना 'निज' महीना अर्थात् सूर्य राशि के अनुसार जो महीना होता है वही कहा जाता है। लेकिन उक्त दोनो ही महीनो का (अधिक व निज का) नाम एक ही होता है।

क्षयमास –

जब एक चान्द्रमास की अवधि मे सूर्य की दो सक्रांति (राशि) आती है तब क्षय मास कहा जाता है। क्षय मास से 5 6 महीने पूर्व और पश्चात् भी अधिक मास आता है। सामान्यत. क्षयमास कार्तिक मार्गशीर्ष या पौष मास मे से किसी महीने मे 19 या 141 वर्ष में आता है।

अधिक मास सारणी

शक	सन्	महीना	शक	सन्	महीना
1921	1999	ज्येष्ठ	1967	2045	ज्येष्ठ
1923	2001	आश्विन	1970	2048	चैत्र
1926	2004	श्रावण	1972	2050	भाद्रपद
1929	2007	ज्येष्ठ	1975	2053	आषाढ
1932	2010	वैशाख	1978	2056	वैशाख
1934	2012	भाद्रपद	1980	2058	आश्विन
1937	2015	आषाढ	1983	2061	श्रावण
1940	2018	ज्येष्ठ	1986	2064	ज्येष्ठ
1942	2020	आश्विन	1989	2067	चैत्र
1945	2023	श्रावण	1991	2069	श्रावण
1948	2026	ज्येष्ठ	1994	2072	आषाढ़
1951	2029	चैत्र	1997	2075	वैशाख
1953	2031	भाद्रपद	1999	2077	आश्विन
1956	2034	आषाढ़	2002	2080	श्रावण
1959	2037	ज्येष्ठ	2005	2083	ज्येष्ठ
1961	2039	आश्विन	2008	2086	चैत्र
1964	2042	श्रावण	2010	2088	श्रावण

शक	सन्	महीना	शक	सन्	महीना
2013	2091	आषाढ	2046	2124	चैत्र
2016	2094	वैशाख	2048	2126	श्रावण
2018	2096	भाद्रपद	2051	2129	आषाढ
2021	2099	श्रावण	2054	2132	वैशाख
2024	2102	ज्येष्ठ	2056	2134	भाद्रपद
2027	2105	चैत्र	2059	2137	श्रावण
2029	2107	श्रावण	2062	2140	ज्येष्ठ
2032	2110	आषाढ	2065	2143	चैत्र
2035	2113	वैशाख	2067	2145	श्रावण
2037	2115	भाद्रपद	2070	2148	ज्येष्ठ
2040	2118	श्रावण	2073	2151	वैशाख
2043	2121	ज्येष्ठ	2075	2153	भाद्रपद

क्षय मास

शक	सन्	क्षय महीना	क्षय महीने के कारण अधिक मास
2045	2123	मार्गशीर्ष	आश्विन
2064	2142	पौष	आश्विन

अध्याय 7

राशि ज्ञान –

सम्पूर्ण भचक्र 360° (अश) का होता है जिसे 12 भागो में विभाजित किया गया है। प्रत्येक भाग 30° (अश) का होता है, इसे राशि कहा जाता है। इस भचक्र में 27 नक्षत्रो की स्थिति है। यदि 360° को 27 से विभाजित किया जाय तो प्रत्येक 13 अश 20 कला का एक नक्षत्र होता है। प्रत्येक नक्षत्र के चार चरण या भाग होते है और प्रत्येक चरण 3 अश 20 कला का होता है। इस प्रकार 30 अश की एक राशि मे सवा दो नक्षत्रो का समावेश होता है।

	नक्षत्र	राशि
1.	अश्विनी, भरणी, 1/4 कृतिका	मेष
2.	3/4 कृतिका, रोहिणी 1/2 मृगशीर्ष	वृषभ वृषभ
3.	1/2 मृगशीर्ष, आर्द्रा 3/4 पुनर्वसु	मिथुन मिथुन
4.	1/4 पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा	कर्क
5.	मघा, पूर्वाफाल्गुनी 1/4 उत्तराफाल्गुनी	सिंह सिंह
6	3/4 उत्तराफाल्गुनी, हस्त 1/2 चित्रा	कन्या कन्या
7	1/2 चित्रा, स्वाति 3/4 विशाखा	तुला तुला
8.	1/4 विशाखा, अनुराधा ज्येष्ठा	वृश्चिक
9.	मूल, पूर्वाषाढा, 1/4 उत्तराषाढा	धनु
10	3/4 उत्तराषाढा श्रवण 1/2 धनिष्ठा	मकर मकर
11	1/2 धनिष्ठा, शतभिषा 3/4 पूर्वाभाद्रपदा	कुभ कुंभ
12.	1/4 पूर्वाभाद्रपदा, उत्तरा–भाद्रपदा रेवती	मीन मीन

(i) राशियो के नाम और अक –

राशि	अक	राशि	अंक	राशि	अक
मेष	1	सिह	5	धनु	9
वृषभ	2	कन्या	6	मकर	10
मिथुन	3	तुला	7	कुभ	11
कर्क	4	वृश्चिक	8	मीन	12

राशियो के अको का उपयोग कुडली में होता है। ग्रहो की पूर्णादि राशियॉ निम्न प्रकार है –

राशि	पूर्णादि अक्	राशि	पूर्णादि अक	राशि	पूर्णादि अक
मेष	0	सिह	4	धनु	8
वृषभ	1	कन्या	5	मकर	9
मिथुन	2	तुला	6	कुभ	10
कर्क	3	वृश्चिक	7	मीन	11

इन पूर्णादि अको का उपयोग जब हमे ग्रह या लग्न या भाव की स्थिति स्पष्ट करने के लिए राशि, अंश, कला, विकला दर्शाना हो तब (पूर्णादि अंको का उपयोग) किया जाता है। जैसे 2 राशि 5 अश 6 कला 13 विकला को पूर्णादि मिथुन राशि कहा जाता है।

(ii) राशि स्वामी –

राशि		स्वामी	राशि		स्वामी
मेष,	वृश्चिक	मंगल	सिह		सूर्य
वृषभ,	तुला	शुक्र	धनु,	मीन	गुरू
मिथुन,	कन्या	बुध	मकर,	कुभ	शनि
कर्क		चन्द्र			

(iii) राशियों के तत्व –

राशि				तत्व
मेष,	सिंह,	धनु	–	अग्नि
वृषभ,	कन्या,	मकर	–	पृथ्वी
मिथुन,	तुला,	कुंभ	–	वायु
कर्क,	वृश्चिक,	मीन	–	जल।

(iv) राशियो की दिशा –

राशि	दिशा
मेष, सिह, धनु	– पूर्व
वृषभ, कन्या, मकर	– दक्षिण
मिथुन, तुला, कुभ	– पश्चिम
कर्क, वृश्चिक, मीन	– उत्तर

(v) राशि चरादि सज्ञा –

राशि	चरादि
मेष, कर्क, तुला, मकर	– चर
वृषभ, सिह, वृश्चिक, कुभ	– स्थिर
मिथुन, कन्या, धनु, मीन	– द्विस्वभाव।

(vi) राशि– धात्विादि सज्ञा –

राशि	धात्वादि
मेष, कर्क, तुला मकर	– धातु (खनिज)
वृषभ, सिह, वृश्चिक, कुंभ	– वनस्पति (उद्भिज)
मिथुन, कन्या, धनु, मीन	– प्राणीज (जीव)

(vii) राशि– प्रकृति –

राशि	प्रकृति
मेष, सिह, धनु	– पित्त
वृषभ, कन्या, मकर	– वायु
मिथुन, तुला, कुभ	– सम
कर्क, वृश्चिक, मीन	– कफ

(viii) राशिओं के रंग–

राशि	रंग	राशि	रंग
मेष	रक्त, पाटल	तुला	काला
वृषभ	श्वेत	वृश्चिक	सुनहरा
मिथुन	हरा	धनु	पीला
कर्क	बादामी	मकर	कृष्ण–श्वेत
सिंह	धूम्र	कुंभ	नकुलवर्णी
कन्या	विचित्र	मीन	मैला

(ix) राशियो के अग्रेजी नाम

राशि	अग्रेजी नाम		राशि	अग्रेजी नाम	
मेष	एरीज	(Aries)	तुला	लाइब्रा	(Libra)
वृषभ	टॉरस	(Taurus)	वृश्चिक	स्कॉ·पिओ	(Scorpio)
मिथुन	जेमिनाइ	(Gemini)	धनु	सेजिटरिअस	(Sagittarius)
कर्क	केन्सर	(Cancer)	मकर	केप्रिकॉन	(Capricorn)
सिंह	लिअ	(Leo)	कुभ	अक्वेरिअस	(Aquarius)
कन्या	वॅ गो	(Virgo)	मीन	पीसीज	(Pisces)

(x) राशि और उनके अंश –

राशि	अंश	से	अश तक	राशि	अंश से	अश तक
मेष	0	से	30	तुला	181 से	210
वृषभ	31	से	60	वृश्चिक	211 से	240
मिथुन	61	से	90	धनु	241 से	270
कर्क	91	से	120	मकर	271 से	300
सिह	121	से	150	कुभ	301 से	330
कन्या	151	से	180	मीन	331 से	360

अध्याय 8

ग्रहज्ञान –

(i) ग्रह –

ग्रह उन गोलाकार पिण्डों को कहते है जो सूर्य के चारो ओर निरन्तर घूमते रहते है। वे सभी ग्रह सूर्य से अपना प्रकाश और ताप प्राप्त करते है। उनमे से नौ ग्रह प्रमुख है। हमारी पृथ्वी भी एक ग्रह है। सूर्य से दूरी के क्रम में उन ग्रहो के नाम ये है– बुध, शुक्र, पृथ्वी, मगल, गुरू, शनि, अरूण, वरूण और कुबेर (प्लूटो)। बुध सूर्य से कम दूरी पर है तो कुबेर सबसे अधिक दूर है।

(ii) उपग्रह –

जिस प्रकार पृथ्वी और अन्य ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते है, ठीक वैसे ही उपग्रह अपने–अपने ग्रहों की परिक्रमा करते हैं। हमारी पृथ्वी का एक ही उपग्रह है जिसे हम चन्द्रमा कहते हैं। चन्द्रमा भी सूर्य से ही प्रकाश प्राप्त करता है।

बुध और शुक्र अन्तः ग्रह है जबकि अन्य ग्रह बाह्य ग्रह है। राहु और केतु छाया ग्रह माने गये हैं।

(iii) ग्रह और उनकी राशि –

ग्रह	राशि	ग्रह	राशि
सूर्य	सिंह	गुरू	धनु, मीन
चन्द्र	कर्क	शुक्र	वृषभ, तुला
मंगल	मेष, वृश्चिक	शनि	मकर, कुंभ
बुध	मिथुन, कन्या		

राहु की राशि कन्या–कुंभ एवं केतु की राशि मीन व वृश्चिक मानी गई हैं।

(iv) ग्रह और उनकी उच्च व नीच राशि अंश –

ग्रह	उच्च राशि	अंश	नीच राशि	अंश
सूर्य	मेष	10	तुला	10
चन्द्र	वृषभ	3	वृश्चिक	3

ग्रह	उच्च राशि	अश	नीच राशि	अश
मंगल	मकर	28	कर्क	28
बुध	कन्या	15	मीन	15
गुरू	कर्क	5	मकर	5
शुक्र	मीन	27	कन्या	27
शनि	तुला	20	मेष	15
राहु	मिथुन	15	धनु	15
केतु	धनु	15	मिथुन	15

(v) ग्रह और उनकी मूल त्रिकोण राशि –

ग्रह	मूल त्रिकोण राशि	ग्रह	मूल त्रिकोण राशि
सूर्य	सिह	शुक्र	तुला
चन्द्र	वृषभ	शनि	कुभ
मगल	मेष	राहु	मिथुन, कर्क, कुभ
बुध	कन्या	केतु	धनु, सिह, मकर
गुरू	धनु		

(vi) ग्रह और उनका रंग–

ग्रह	वर्ण	ग्रह	वर्ण	ग्रह	वर्ण
सूर्य	रक्तश्याम	बुध	दुर्वाश्याम	शुक्र	श्याम
चन्द्र	गौर	गुरू	गौर	शनि	कृष्ण
मगल	रक्त गौर				

(vii) ग्रह और उनके तत्व–

ग्रह	तत्व	ग्रह	तत्व	ग्रह	तत्व
सूर्य, मगल	अग्नि	बुध	भूमि	शनि	वायु
चन्द्र–शुक्र	जल	गुरू	आकाश		

(viii) ग्रह और उनकी पुरुषादि जाति –

ग्रह	पुरुषादि जाति	ग्रह	पुरुषादि जाति
सूर्य, मगल, गुरू	पुरुष	बुध–शनि	नपुंसक
चन्द्र, शुक्र	स्त्री		

(ix) ग्रह और उनके चिन्ह–

सूर्य ☉ मंगल ♂ गुरू ♃ शनि ♄

चन्द्र ☽ बुध ☿ शुक्र ♀ राहु ☊ केतु ☋

(x) ग्रह और उनकी राजादि स्थिति –

ग्रह	राजादि	ग्रह	राजादि
सूर्य	राजा	गुरू	देवगुरू
चन्द्र	रानी	शुक्र	दानवगुरू
मंगल	सेनापति कोषाधिकारी	शनि	सेवक

(xi) ग्रह और महाभारत के पात्र

ग्रह	महाभारत के पात्र	ग्रह	महाभारत के पात्र
सूर्य	कृष्ण	गुरु	युधिष्ठिर
चन्द्र	द्रौपदी	शुक्र	द्रोणाचार्य
मगल	अर्जुन	शनि	दुर्योधन
बुध	कर्ण		

(xii) ग्रह और उनकी आर्थिक स्थिति –

ग्रह	आर्थिक स्थिति	ग्रह	आर्थिक स्थिति
सूर्य चन्द्र	कोटिपति	गुरु	50 सहस्त्रपति
मंगल	40 वे वर्ष लखपति	शुक्र	25 सहस्त्रपति
बुध	45 वें वर्ष लखपति	शनि	सैकडों पति

(xiii) ग्रह और उनका कारकत्व (पितादि)–

ग्रह	कारकत्व	ग्रह	कारकत्व
सूर्य	पिता	गुरु	पुत्र
चन्द्र	माता	शुक्र	पति या पत्नी
मगल	भ्राता	शनि	दास
बुध	मित्र, भागीदार		

(xiv) ग्रह और उनका शरीर की धातुओ पर अधिकार–

ग्रह	शरीर धातु	ग्रह	शरीर धातु
सूर्य	हड्डी	गुरु	चर्बी
चन्द्र	जल	शुक्र	वीर्य
मंगल	रक्त	शनि	स्नायु, मज्जा
बुध	त्वचा		

(xv) ग्रहो की नैसर्गिक मैत्री–

ग्रह	मित्र	सम	शत्रु
सूर्य	चन्द्र, मंगल, गुरू	बुध	शुक्र, शनि, राहु
चन्द्र	सूर्य, बुध	मंगल, गुरु, शुक्र, शनि	राहु
मंगल	सूर्य, चन्द्र, गुरु	शुक्र, शनि	बुध, राहु
बुध	शुक्र, सूर्य, राहु	मगल, गुरू, शनि	चन्द्र
गुरू	सूर्य, चन्द्र, मंगल	शनि, राहु	बुध, शुक्र
शुक्र	बुध, शनि, राहु	मंगल, गुरु	सूर्य, चन्द्र
शनि	बुध, शुक्र, राहु	गुरु	सूर्य, चन्द्र, मंगल
राहु	बुध, शुक्र, शनि	गुरु	सूर्य, चन्द्र, मंगल

(xvi) ग्रहो के अस्त कालांश –

चन्द्रादि ग्रह सूर्य के आगे पीछे उनके सामने लिखे अंशों के अन्तर पर अस्त के होते है।

चन्द्र – 12 अंश, मंगल 14 अंश, बुधजब मार्गी हो तब 10 अंश पर और वक्री हो तब 11 अश पर, गुरु 8 अश 30 कला, शुक्र 6 अंश के अन्तर पर और शनि 12 अंश के अन्तर पर अस्त का होता है। अस्त के ग्रह रात को दिखाई नहीं देते।

(xvii) ग्रह उदय–अस्त –

जो ग्रह सूर्य के उक्त कालांश या उससे कम अन्तर पर होते है उन्हें अस्त के ग्रह कहा जाता है और जब वे उक्त कालांश से अधिक अंश की दूरी पर होते है तब वे उदय के कहलाते है। उदय के ग्रह रात को आकाश में दिखाई देते है। सूर्य सदैव उदय रहता है।

(xviii) मार्गी ग्रह –

जो ग्रह अपनी गति से आगे बढते रहते है वे मार्गी कहलाते है। सूर्य, चन्द्र सदैव मार्गी रहते है।

(xix) वक्री ग्रह –

जो ग्रह अपनी गति से क्रमश पीछे हटते जाते है वे वक्री कहलाते है। मगल, बुध, ग्रह, शुक्र और शनि मार्गी भी है और वक्री भी। राहु, केतु सदैव वक्री है।

(xx) ग्रह और उनकी दृष्टि –

प्रत्येक ग्रह जिस राशि मे हो उस राशि से सातवी राशि को पूर्ण दृष्टि से देखता है। लेकिन इसके अलावा मगल जिस राशि मे हो उससे चौथी और आठवी राशि को, गुरू पांचवी और नवमी राशि को तथा शनि तीसरी और दसवीं राशि को विशेष दृष्टि से देखते है।

(xxi) ग्रहों के रस (स्वाद) –

ग्रह	स्वाद	ग्रह	स्वाद
सूर्य	तीक्ष्ण	गुरु	मीठा
चन्द्र	शीतल, मधुर	शुक्र	तेलीय पदार्थ
मगल	नमकीन, तीक्ष्ण, गर्म	शनि	खट्टा
बुध	खट्टा–मीठा		

(xxii) ग्रहों का शरीर के अगो पर अधिकार –

सूर्य – सिर, मस्तक, बायी जाघ, बायीं छाती (हृदय)।

चन्द्र – दाहिनी छाती।

मंगल – दाहिना कान व दाहिना हाथ, दाहिना पैर।

बुध – दाहिनी छाती, बायी छाती।

गुरु – दाहिनी आख, दाहिनी जाघ, बायी जांघ, बायी छाती, बायां हाथ, और बायां कान।

शुक्र – गुप्तांग, पेट, गर्भाशय।

शनि – दोनों पैर, हृदय और बायीं ऑख।

(xxiii) ग्रहों की धातु (खनिज) –

ग्रह	धातु (खनिज)	ग्रह	धातु (खनिज)
सूर्य	स्वर्ण (सोना)	गुरु	कलई (रांगा)
चन्द्र	चांदी (रजत)	शुक्र	सीसा या जस्ता
मगल	ताम्र (तांबा)	शनि	लोहा
बुध	कांस्य (कांसा)		

(xxiv) ग्रहो के रत्न –

ग्रह	रत्न	ग्रह	रत्न
सूर्य	माणिक (माणिक्य)	शुक्र	हीरा
चन्द्र	मोती (मुक्ता)	शनि	नीलम
मंगल	मूगा (प्रवाल)	राहु	गोमेद
बुध	पन्ना	केतु	वैडूर्य
गुरु	पुखराज		

(xxv) ग्रहों की दैनिक मध्यम गति (अंशो में)

सूर्य	$0^{o}.985646944$	चन्द्र	13^{0} 17639611
मंगल	$0^{o}.524033333$	बुध	4^{0}92338889
गुरु	$0^{o}.083091666$	शुक्र	$1^{0}.602130556$
शनि	$0^{o}.033461111$	राहु	0.0529539
हर्षल	$0^{o}.0117277$	नेपच्यून	$0^{0}.00597201$
प्लूटो	$0^{o}.00399419$		

(xxvi) ग्रहों का सूर्य के चारों ओर परिक्रमण का सामान्य समय (दिवसों में = (नक्षत्र भ्रमण काल) --

बुध	87.97	शुक्र	224.700
पृथ्वी	365.26	मंगल	686.98
गुरु	4332 556	शनि	10759.23
हर्षल (यूरेनस)	30696 556	नेपच्यून	60281.2120
प्लूटो	90130 915		

(xxvi) ग्रहों के अंग्रेजी नाम –

ग्रह	अंग्रेजी	नाम	ग्रह	अग्रेजी	नाम
सूर्य	(The) Sun,	(द) सन	शनि	Saturn	सटर्न
चन्द्र	(The) Moon,	(द) मून	राहु	Dragon's head	ड्रेगन्स हेड
मंगल	Mars	मार्स	केतु	Dragons' tail	ड्रेगन्स टेल
बुध	Marcury	म क्यूरी	अरूण	Uranus	यूरेनस
गुरु	Jupiter	ज्यूपिटर	वरूण	Neptune	नेपच्यून
शुक्र	Venus	वीनस	कुबेर	Pluto	प्लूटो

(xxvi) जन्म कुण्डली के स्थान और उनके कारक ग्रह –

सूर्य	प्रथम (लग्न), नवम तथा दशम स्थान
चन्द्र	चतुर्थ स्थान
मगल	तृतीय एव पष्ठ स्थान
बुध	चतुर्थ तथा दशम स्थान
गुरु	द्वितीय, पचम, नवम, दशम तथा एकादश स्थान
शुक्र	सप्तम स्थान
शनि	षष्ठ, अष्टम, दशम एवं द्वादश स्थान (अशुभ) कारक माना गया है।

अत ग्रह अपनी स्थिति के अनुसार अपने–अपने दशाकाल मे उन–उन स्थानों का शुभ या अशुभ फल देते है।

अध्याय 9


जन्म कुण्डली

किसी व्यक्ति के जन्म समय पर आकाश मे की ग्रह स्थिति बताने वाले नक्शे को जन्म कुंडली कहते है।


जन्म समय पर पूर्व क्षितिज पर जिस राशि का उदय हुआ होता है, वह राशि जन्म कुडली का आधार बिन्दु होती है। इसे जन्म–कुडली के प्रथम स्थान या भाव मे रखी जाती है। इसे जन्म लग्न कहा जाता है। इस जन्म–लग्न के बायी अर्थात् कुडली हमारे सामने रखें तो हमारे बाये हाथ की तरफ से क्रमशः बढते हुए 12 स्थानो में जन्म लग्न की राशि के बाद – मेष = 1, वृषभ = 2, मिथुन = 3 आदि को ध्यान मे रखकर अक रखे जाते है।

1 इस प्रकार से बनने वाली बारह प्रकार की कुडलियॉ होती है।


मेष जन्म लग्न
की कुंडली




वृषभ जन्म लग्न
की कुडली




मिथुन जन्म लग्न
की कुडली




कर्क जन्म लग्न
की कुडली




सिंह जन्म लग्न
की कुंडली




कन्या जन्म लग्न
की कुंडली




तुला जन्म लग्न
की कूडली




वृश्चिक जन्म लग्न
की कुंडली




धनु जन्म लग्न
की कूडली




मकर जन्म लग्न
की कुंडली



कुभ जन्म लग्न
की कूडली




मीन जन्म लग्न
की कुंडली



सामान्यतः सूर्योदय के समय यदि किसी व्यक्ति का जन्म हो तो सूर्य जिस राशि का हो वह राशि जन्म लग्न के (प्रथम भाव) में आती है। यदि मध्याह्न का जन्म हो तो सूर्य की राशि दशम भाव में आती है। यदि सूर्यास्त का जन्म हो तो राशि सप्तम भाव में आती है और यदि मध्य रात्रि का जन्म हो तो सूर्य की राशि चतुर्थ भाव में आती है।

एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक के 24 घटे मे 12 राशियां [illegible] सूर्य की राशि से प्रारभ होकर क्रमश. चलते रहते है।

(ii) जन्मकुंडली और दिशाएँ



प्रथम भाव पूर्व, दशम भाव दक्षिण, सप्तम भाव पश्चिम, [illegible] दिशा बताते है।

भाव या स्थान स्थिर रहते हैं, लेकिन विभिन्न जन्मलग्न [illegible] राशियॉ बदलती रहती हैं।

(iii) केन्द्र तथा त्रिकोण स्थान (शुभ भाव)

केन्द्र – प्रथम, चतुर्थ, सप्तम एव दशम भाव केन्द्र स्थान [illegible]।

त्रिकोण – प्रथम, पंचम एवं नवम भाव त्रिकोण स्थान [illegible]।

चूंकि जन्म लग्न (प्रथम भाव), केन्द्र और त्रिकोण दोनों [illegible] इसका महत्व विशेष है।

(iv) जन्मकुंडली के दु:स्थान– (अशुभ भाव) –

जन्मकुंडली के छठें, आठवें और बारहवें भाव दु:स्थान [illegible]।

(v) जन्मकुंडली में ग्रहों का उल्लेख –

जन्मकुंडली में राशि का उल्लेख अंक द्वारा किया जाता है जबकि ग्रहों का उल्लेख उनके नाम से किया जाता है जिन–जिन राशियो [illegible] वे होते हैं। स्पष्ट ग्रहों की पूर्णादि राशि – 0 = मेष = 1 = वृषभ, 2 = मिथुन, 3 = कर्क आदि के अनुसार वे जन्म कुंडली की मेष =

1, वृषभ = 2 आदि राशियो मे रखे जाते है, जैसे सूर्य (स्पष्ट) 2 राशि 18 अंश 12 कला 56 विकला का है तो वह पूर्णादि राशि मिथुन = 3 राशि में (जन्म कुडली मे की) रखा जाएगा।

(vi) जन्मकुडली के बारह भावो का विवरण –

प्रथम भाव – शरीर, मन, और आत्मा, सिर, मस्तिष्क, चेहरा स्वभाव, धधा, जीवनस्तर आदि का ज्ञान प्राप्त होता है।

द्वितीय भाव – कुटुम्ब सुख, धन सग्रह वृत्ति, लोभ एव धन चिन्ता आदि।

तृतीय भाव – विदेश यात्रा, पराक्रम, बधु–सुख, साहस आदि

चतुर्थ भाव – घर, जमीन, जागीर, मातृ–सुख, मित्र–सुख, मन की शांति, वाहन–सुख आदि।

पंचम भाव – पुत्र–पुत्री–सुख, विद्या, ज्ञान–प्राप्ति, वक्तृत्व–शक्ति आदि।

षष्ठ भाव – शत्रु, कोर्ट–कचहरी के मामले, रोग, विश्वासघात आदि

सप्तम भाव – प्रेम, काम–सुख, विवाह, पति–पत्नी–सुख, वीर्य, वैधव्य, गुप्तांग, गर्भपात, विरह–वियोग आदि।

अष्टम भाव – आयु–सुख, मृत्यु, दड, जेल, अपमृत्यु, निर्वासन आदि।

नवम भाव – भाग्य लक्ष्मी, आर्थिक–सुख सुविधा आदि।

दशम भाव – पद प्रतिष्ठा, मान–सम्मान, पितृ–सुख आदि।

एकादश भाव – आय–चिन्ता, लाभ–चिन्ता, लेन–देन का व्यवहार आदि।

द्वादश भाव – ऋण, नुकसान, अनावश्यक खर्च, छोटी यात्राएँ उडाऊपन आदि।

अध्याय 10

जन्मलग्न साधन –

जन्म कुंडली मे के लग्न अर्थात् जन्म समय पर पूर्व क्षितिज पर उदय होने वाली राशि के ज्ञान हेतु जिन उपकरणो की आवश्यकता होती है वे है– (1) जन्म दिनाक (2) जन्म–समय (3) जन्म स्थान– अक्षांश रेखाश और स्टेण्डर्ड टाईम से लोकल टाइम का अन्तर (4) जन्म समय का सापातिक काल, (5) जन्म दिनाक का अयनांश और (6) जन्म–स्थल के अक्षांश की लग्न–सारिणी

(i) जन्म दिनांक व समय –

आजकल सर्वत्र अंग्रेजी कलेण्डर के सन्, महीना और दिनाक को ही अपने दैनिक कार्यों और व्यवहारो के लिए काम मे लिया जाता है। अत तत्सबधी जानकारी यहॉ दी जाती है।

दिनांक मध्य रात्रि 12 बजे अर्थात् 24 बजे या शून्य बजे से दूसरी मध्य रात्रि के शून्य बजे तक होता है।

लग्न साधन मे मध्य रात्रि शून्य बजे से पूर्वाह्न 12 बजे तक घटो की गिनती क्रमशः 1. 2 3. 4 5 6 7 8. 9 10 11 12 होती है।

लेकिन तत्पश्चात् अपराहन् 1 बजे को 13, 2 बजे को 14, 3 बजे को 15, चार को 16, 5 बजे को 17, 6 बजे को 18, 7 बजे को 19, 8 बजे को 20, 9 बजे को 21, 10 बजे को 22, 11 बजे को 23, और 12 बजे को 24 या शून्य कहा जाता है।

(ii) आइये, अब अक्षांश, रेखांश, रेखान्तर, स्टेण्डर्ड टाइम, एवं लोकन टाइम तथा सापातिक काल के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त कर लें।

(क) पृथ्वी –

हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं वह पृथ्वी सौर–मंडल अर्थात् सूर्य के चारों ओर घूमने वाले नौ मुख्य ग्रहों में से एक हैं। इस पृथ्वी के गोले का छोटा–सा मॉडल जिस पर पृथ्वी का चित्र बना होता है, ग्लोब कहलाता है। यदि हम ग्लोब की आकृति देखें तो उसपर उत्तर से दक्षिण एव पूर्व से पश्चिम दिशाओं में खीची हुई रेखाओं का जाल देखने को मिलता है। इन रेखाओं को पृथ्वी पर के विभिन्न स्थानो की स्थिति का पता लगाने के लिए खींचा जाता है।


गोले का कोई सिरा या किनारा नही होता जिससे किसी स्थान की दूसरे स्थान के सदर्भ मे स्थिति और दूरी निर्धारित की जा सके। लेकिन हमारी पृथ्वी के अक्ष के दोनो सिरे जिन्हें हम उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव कहते है, पृथ्वीतल पर के दो निश्चित एवं स्थिर बिदु है। इन्ही दो बिन्दुओ को स्थिति निर्धारण हेतु आधारभूत बिन्दु माना जाता है।

(ख) विषुव वृत्त –

उक्त दो बिन्दुओं (ध्रुवों) के ठीक बीचों–बीच पृथ्वी के धरातल पर जो वृत्त खींचा जाता है, उस काल्पनिक वृत्त को विषुवत वृत्त या विषुवत रेखा या शून्य अक्षांश या भूमध्य रेखा कहते है। एक उत्तरी गोलार्द्ध और दूसरा दक्षिणी गोलार्द्ध।

(ग) अक्षांश वृत्त–

विषुव वृत्त के समान्तर खीचे गये वृत्तो को अक्षाश वृत्त कहते है। भूमध्य रेखा के समान्तर होते है। विषुवत वृत्त से किसी एक ध्रुव तक वृत्त का चौथाई (360 ÷ 4 = 90 अश) होते है। विषुवत वृत्त के शून्य और उत्तरी ध्रुव को 90 अंश उत्तर अक्षाश और दक्षिणी ध्रुव को 90 अश दक्षिण अक्षांश माना जाता है। ये रेखाएं ग्लोब पर सूर्य से पश्चिम की ओर खीची हुइ होती है। यदि ग्लोब को प्लस (+) के चिन्ह् के रूप मे देखे तो आड़ी या लेटी हुई रेखा का ऊपरी भाग जिसे उत्तरी गोलार्द्ध कहते हैं, उत्तर दिशा, आडी या लेटी रेखा के नीचे का भाग जिसे दक्षिणी गोलार्द्ध कहते हैं, दक्षिण दिशा दाहिने हाथ की ओर खड़ी रेखा विभाजित आड़ी रेखा के भाग को पूर्व दिशा और बायें हाथ की ओर की खड़ी रेखा से विभाजित आड़ी रेखा के भाग को पश्चिम दिशा कहते है। अक्षांश रेखाएं किसी स्थान की उत्तर या दक्षिण–स्थिति को स्पष्ट करती है।




(घ) रेखाश या देशान्तर या मध्याह्न रेखाए –

रेखाश उन कल्पित अर्द्धवृत्तो को कहते है, जो पृथ्वी के गोले पर उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से मिलाते हुए खीचे गये हैं। ये विषुव वृत्त को लम्बवत् काटते है। ये किसी स्थान की पूर्व या पश्चिम–स्थिति को स्पष्ट करते है। ये किसी स्थान की पूर्व या पश्चिम–स्थिति को स्पष्ट करते हैं। इन रेखाओ या वृत्तो को देशान्तर या मध्याह्न रेखाएँ भी कहते है, क्योंकि इन रेखाओ पर स्थित सभी स्थानो मे एक ही समय पर मध्याह्न (दोपहर) होता है।

(ड) प्रमुख मध्याह्न रेखा –

ब्रिटेन की राजधानी लदन के निकट ग्रीनबीच उपनगर मे से गुजरने वाली (जहॉ बहुत बडी वेधशाला है), रेखा को प्रमुख मध्याह्न या शून्य रेखाश या देशान्तर रेखा कहते है। इस शून्य रेखाश के दाहिनी ओर के भाग को पूर्वी देशान्तर या रेखाश तथा बायी ओर के भाग को पश्चिमी रेखाश-कहते है।



जैसा कि हम जानते है कि एक वृत्त मे 360 अंश होते है अत रेखांश के 360 अश होते है। शून्य रेखांश से पूर्व की ओर 180 अश और शून्य रेखाश से पश्चिम की ओर 180 अंश होते हैं।

(च) रेखांश और समय –

चूंकि पृथ्वी गोलाकार है अत. इस पर के सभी स्थानो पर एक ही समय पर सूर्य उदय नहीं होता। किसी एक स्थान पर सूर्योदय होता है तो दूसरे स्थान पर दोपहर तीसरे स्थान पर सूर्यास्त और किसी अन्य स्थान पर मध्य रात्रि होती है। पृथ्वी का एक परिभ्रमण 24 घंटे में पूरा होता है अर्थात् 24 घंटे मे रेखाश के 360 अश एक–एक करके सूर्य के ठीक सामने से होकर निकल जाते है। इस प्रकार 1 घटे में रेखाश के 360 ÷ 24 = 15 अंश और 4 मिनिट में 1 अश सूर्य के सामने से गुजरता है। इस प्रकार प्रत्येक अश पर 4 मिनिट का अन्तर स्थानीय समय मे होता है। पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है इसलिए पूर्व दिशा की तरफ के स्थानों पर सूर्य पहले उदय होता है और पश्चिम की तरफ के स्थानो पर बाद में। अतः किन्हीं दो स्थानो में से पूर्व की तरफ (हमारें दाहिने हाथ की तरफ वाले स्थान) का स्थानीय समय प्रत्येक अंश पर 4 मिनिट के

हिसाब से पश्चिम की तरफ के स्थान (बाये हाथ की तरफ वाले स्थान) से अधिक होगा और पश्चिमी स्थान का उतना ही कम।



(छ) स्टेण्डर्ड टाइम (मानक समय) –

यह बताया गया है कि प्रत्येक देशान्तर रेखा का मध्याह्न उस समय होता है जब देशान्तर रेखा सूर्य के ठीक सामने होती है। यही कारण है कि एक ही देश मे भी प्रत्येक देशान्तर के साथ समय मे 15 अश (रेखाश) के प्रदेश को एक मंडल या भाग मानकर उस प्रदेश के मध्य के रेखांश का जो स्थानीय समय हो उसे ही समग्र देश के लिए मानक समय मानने की योजना बनाई गई है। इस मानक समय का प्रारम्भ ग्रीनवीय को मध्यबिन्दु मानकर किया गया है। अर्थात् ग्रीनवीच मे जो स्थानीय समय हो वही समय ग्रीनवीय के 7.30 पूर्व और 7.30 पश्चिम के विभाग की ओर 7.5 से 22.5 अश जिसका मध्य बिन्दू 15 अंश मानने मे आया है। इसी प्रकार तीसरा प्रदेश 22 5 से 37 5 तक और मध्य बिन्दु 30 अंश होता है। इस प्रकार ग्रीनवीच के पूर्व और पश्चिम मे 12–12 अलग–अलग समय–क्षेत्र बनते है।

टाईम जोन घटा	अश से		अंश तक	मध्य बिन्दु (रेखांश)
1	7.5	—	22.5	15
2.	22 5	—	37.5	30
3	37 5	—	52.5	45
4	52 5	—	67.5	60
5	67 5	—	82 5	75
6	82 5	—	97.5	90

टाईम जोन घटा	अश	से	अश तक	मध्य बिन्दु (रेखाश)
7	97 5	—	112 5	105
8	112 5	—	127 5	120
9	127 5	—	142.5	135
10	142 5	—	157 5	150
11	157.5	—	172 5	165
12	172.5	—	———	180

ग्रीनवीच से पूर्व की ओर प्रति रेखाश 4 मिनिट के हिसाब से समय जुडता (+) जाता है जबकि ग्रीनवीच से पश्चिम की ओर प्रति रेखांश घटता (–)जाता है।

क्षेत्र मे समावेश नही हो पाता या तो किसी एक समय क्षेत्र के मध्य मे उस देश की सीमा का प्रारम्भ होता है और दूसरे क्षेत्र मे भी उस देश की सीमा होती है। ऐसी स्थिति मे उस देश का स्टेण्डर्ड टाइम निश्चित करने के लिए उस देश की मध्य रेखाश रेखा को इस प्रकार निर्धारित की जाती है कि ग्रीनवीय रेखाश से गिनने पर घटे या आधे घटे के अन्तर मे समय मिल जाये। जैसे, भारत 67 30 अश से 97 30 अश के बीच के दो समय क्षेत्रों (1) 67 30 अंश से 82 30 अश (2) 82 30 अश से 97 30 अंश में है अत व्यावहारिक कठिनाई को दूर करने की दृष्टि से 67 30अश से 97.30 का मध्य बिन्दु 82 30 देशान्तर के स्थानीय समय को ही स्टेण्डर्ड टाईम निर्धारित किया गया है।

भारत में स्टेण्डर्ड टाइम का प्रारम्भ सन् 1906 से हुआ है। उससे पूर्व, तार, डाक व रेल्वे विभागो के व्यवहार मे मद्रास के रेखाश के अनुसार स्थानीय समय काम मे आता था।

स्थानीय समय या लोकल टाईम –

किसी देश का स्टेण्डर्ड टाइम एक होता है। लेकिन उस देश के अलग–अलग शहरों, कस्बो और गांवो का स्थानीय समय उनके रेखाश के अनुसार अलग–अलग होता है। ज्योतिषीय–गणित मे स्थानीय समय ही काम मे आता है। अत· स्थानीय समय ज्ञात करने के लिए निम्नांकित बिन्दुओं को ध्यान मे रखना चाहिए –

(अ) भारत के किसी गांव, कस्बे या शहर का स्थानीय समय ज्ञात करना–

हम जिस शहर या गाव के स्थानीय समय को ज्ञात करना चाहते है उस शहर या गांव के रेखांश 82 30 अंश से कम है तो जितने अश, कला कम हों उतने अश कला मे प्रति अश 4 मिनिट और प्रति कला 4 सेकण्ड के हिसाब से गिनने पर जो घटे मिनट सेकण्ड प्राप्त हो उन्हे भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम अर्थात् घडी के समय मे से घटाने पर उस स्थान विशेष का स्थानीय समय प्राप्त होगा।

यदि अभिष्ट स्थान (शहर या गांव) के रेखाश 82 30 अश से अधिक हो तो जितने अश कला अधिक हों उनमे प्रति अश 4 मिनिट और प्रति कला 4 सेकण्ड की दर से गिनने पर प्राप्त समय को भारतीय स्टेण्डर्ड टाइम मे अर्थात् घडी के समय मे जोडने पर उस शहर या कस्बे या गॉव का स्थानीय समय प्राप्त होगा।

भारत के सभी प्रान्तो के शहरो, मुख्य कस्बो एव गांवो के अक्षांश, रेखाश और स्टेण्डर्ड टाइम से स्थानीय समय प्राप्त करने के लिए उनके देशान्तर मिनिट और सेकण्ड प्लस या माइनस मे दिये है। जहॉ (+) दिया है वहॉ स्टेण्डर्ड टाईम मे उतने मिनिट सेकण्ड जोड दे और जहॉ (–) दिया है वहॉ स्टेण्डर्ड टाईम मे से उतने मिनिट सेकण्ड घटा दे। इस प्रकार जो समय प्राप्त होगा वह उस स्थान विशेष का स्थानीय समय होगा।

यदि किसी स्थान के अक्षांश–रेखांश दी गई सारिणी में नही मिले तो उस स्थान के आसपास के (निकटतम शहर, गाव या कस्बे के) अक्षांश रेखांश का उपयोग किया जा सकता है या फिर जिला मुख्यालय के अक्षांश या रेखांश का उपयोग किया जा सकता है। लेकिन जन्माक्षर या जन्मपत्रिका में उस स्थान का उल्लेख अवश्य करे जिनके अक्षाश–रेखांश और रेखान्तर का उपयोग किया गया है।

इस प्रकार ग्रीनवीच शून्य रेखांश से पूर्व मे स्थित किसी भी देश के दिये गये स्टेण्डर्ड टाईम पर वे उस देश के किसी भी शहर या गाव का स्थानीय समय ज्ञात किया जा सकता है।

(ब) ग्रीनवीच शून्य रेखाश से पश्चिम में स्थित किसी भी देश के किसी भी शहर या कस्बे का स्थानीय समय ज्ञात करना।

ग्रीनवीच शून्य रेखांश के पश्चिम में प्रति रेखाश 4 मिनिट और प्रति कला 4 सेकण्ड के हिसाब से समय घटता जाता है जबकि पूर्व के देशों मे प्रति रेखाश उसी हिसाब से समय बढता जाता है। जैसे ग्रीन वीच मे मध्य रात्रि शून्य बजते हैं तब भारत में 82 30 पूर्वी रेखाश पर क्या समय हुआ होगा ? यह मालूम करने के लिए प्रति अंश 4 मिनट और प्रति कला के हिसाब से = 82 x 4 = 328, 30 x 4 = 120 – 60 = 2 मिनट

328 + 2 = 330 मिनट 5 घंटे 30 मिनट

यह समय + है। अतः ग्रीनवीच 0 घंटे 0 मिनिट 0 सैकण्ड मे जोडने पर प्रात. 5.30 बजे होगे। लेकिन इसके विपरीत सयुक्त राज्य अमेरिका जिसका स्टेण्डर्ड टाईम रेखांश 75 अश पश्चिम (ग्रीनवीच) है, मे 75 x 4 300 मिनट = 5 घटे – (ग्रीनवीच समय से) होगा अर्थात् ग्रीनवीय समय 0 घंटे 0 मिनट 0 सै = 24 घटे 0 मिनट 0 सैकण्ड मे से 5 घटे घटाने पर 24 00 5. 00 = 19 0 0 बजे अर्थात् मध्य रात्रि से पूर्व साय सात बजे होगे।

इस प्रकार पश्चिमी रेखाश के देशों मे समय घटता जाता है।

पश्चिमी देशो के स्टेण्डर्ड टाईम के लिए निर्धारित रेखाश उस देश के किसी नगर के रेखांश से अधिक है तो कम रेखाश वाले नगर का स्थानीय समय प्रति रेखाश 4 मिनिट और प्रति कला 4 सेकण्ड की दर से स्टेण्डर्ड टाइम मे जोडने पर और यदि स्टेण्डर्ड टाईम के लिये निर्धारित रेखाश से किसी नगर के रेखांश अधिक है तो प्रति रेखांश 4 मिनिट और प्रति कला 4 सेकण्ड घटाने पर उस स्थान का स्थानीय समय प्राप्त होगा। जैसे न्यूयॉर्क पश्चिमी रेखांश 74 अंश पर स्थित है, जिसका स्टेण्डर्ड टाईम रेखांश 75^0 है।

75 अश स्टेण्डर्ड टाईम रेखांश – 74 अश न्यूयॉर्क का रेखांश = 1 अश

1 x 4 मिनट = न्यूयॉर्क का स्थानीय समय उसके स्टेण्डर्ड टाईम से 4 मिनिट टाईम अधिक होगा।

इसी प्रकार ओटावा जो 75.43 पश्चिमी रेखांश पर स्थित है और जिसका स्टेण्डर्ड टाईम रेखांश 75 अंश पश्चिम में है, का स्थानीय समय उसके स्टेण्डर्ड टाईम से कम होगा।

ओटावा $75^0.43$

केनेडा 75.00

(स्टे टा. टे) 0.43 कला x 4 = 172 सेकण्ड = 2 मि 52 से

ओटावा का स्थानीय समय उसके स्टेण्डर्ड टाईम से 2 मिनट 52 से कम होगा।

(स) ग्रीनवीच से पूर्व रेखाश के किसी देश के स्टेण्डर्ड टाईम पर से भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम ज्ञात करना –

अदन (यमन) जिसका स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश 45 अश पूर्व है, में प्रात 8 बजकर 30 मिनट हुए है तो भारत मे क्या समय हुआ होगा?

चूकि अदन का स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश 45 अश भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश 82.30 से कम है। अत. जितने रेखाश कम है उतने रेखांश प्रति अश 4 मिनिट के हिसाब से जितने मिनिट सेकण्ड प्राप्त हो उन्हें अदन के स्टेण्डर्ड टाईम मे जोडने पर भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम प्राप्त होगा।

भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश 82.30 मे से

अदन स्टेण्डर्ड टाईम रेखांश 45 घटाया = 37 30 रेखाश

37 x 4 = 148 मिनट

30 x 4 ÷ 60 + 2 = 150 मिनट

= 2 घटे 30 मिनट

अदन के स्टेण्डर्ड टाईम 8.30 से 2 घटे 30 मिनट जोडने पर 8.30 + 2 30 = प्रात. 11 00 भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम हुआ।

इसी प्रकार भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम पर से यदि पूर्वी रेखांश पर स्थित भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश से कम रेखांश के देश का स्टेण्डर्ड टाईम ज्ञात करना हो तो अक्त प्रकार से प्राप्त मिनट को भारतिय स्टे.टा में.से घटाना पडता है

भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम रेखांश (82.30)से यदि कोई देश अधिक रेखांश पर हो और उसका स्टेण्डर्ड टाईम दिया हुआ हो और हमें भा स्टे. टा. ज्ञात करना हो तो पूर्वोक्त विधि से उस देश के स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश में से भा. स्टेण्डर्ड टाईम रेखांश घटाने पर प्राप्त रेखांश के प्रति रेखांश 4 मिनट के हिसाब से प्राप्त मिनट को उस देश के स्टे टा. में से घटाने पर भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम प्राप्त होता हैं और भा स्टेण्डर्ड

टाईम मे उतने मिनट जोडने पर उस देश का स्टेण्डर्ड टाईम प्राप्त होगा। जैसे बेगकाक (थाईलैंड) जिसका स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश 105 अश पूर्व है प्रात में 11.30 हुई हैं तो भा स्टे टाईम क्या होगा ?

105 00 बेंगकाक का स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश मे से – 82 30 भारतीय स्टेण्डर्ड टांईम रेखांश घटाया = 22 30 x 4 = 90 00, 90 मिनट = 1 घटा 30 मिनट इसे बैंगकाक के स्टेण्डर्ड टाईम मे से घटाया 11.30 – 1 30 = 10 00 भा. स्टेण्डर्ड टाईम प्राप्त हुआ।

यदि भा. स्टेण्डर्ड टाईम प्रात 10 बजे हो तो बैगकाक जो 105 अश पूर्व रेखाश टेण्डर्ड टाईम का शहर है क्या बजा होगा?

तो उपर्युक्त विधि से प्राप्त 1 घंटा 30 मिनट को भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम मे जोडने पर बेंगकांक का स्टेण्डर्ड टाईम प्राप्त होगा = भा स्टेण्डर्ड टाईम 10. 00 में बेगकाक स्टेण्डर्ड टाईम रेखाश अन्तर मिनट + 1.30 = 11.30 प्रात. बेगकाक का स्टेण्डर्ड टाईम प्राप्त होगा।

इस प्रकार पूर्वी रेखाश पर के भारत के पूर्व या पश्चिम मे स्थित किसी भी देश का और किसी भी देश के स्टेण्डर्ड टाईम से भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम ज्ञात किया जा सकता है।

(द) ग्रीनवीच से पश्चिम में स्थित किसी देश के स्टेण्डर्ड टाईम पर से भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम और भारतीय स्टेण्डर्ड टाईम पर से ग्रीनवीच से पश्चिम मे स्थित किसी भी देश का स्टेण्डर्ड टाईम ज्ञात करना –

जिस देश का स्टेण्डर्ड टाईम रेखांश ग्रीनवीच शून्य रेखाश से जितने रेखाश पर हो उसके अन्तर को प्रति रेखांश 4 मिनिट और प्रति कला 4 सेकण्ड के हिसाब से प्राप्त मिनिट सेकण्ड को ग्रीनवीच से पश्चिम के देश के स्टे. टा में जोडने पर ग्रीनवीच का स्टे. टाईम प्राप्त होगा और इस ग्रीनवीच स्टे. टाईम में 5 घंटे 30 मिनट जोडने पर भारतीय स्टे. टाईम प्राप्त होगा। जैसे न्यूयार्क का स्टे. टाईम रेखाश पर 75 अंश पश्चिम है जहाँ स्टे टाईम सायं 16.45 हो तो भारतीय स्टे. टाईम क्या होगा?

न्यूयार्क स्टे टाईम 75 रेखांश पश्चिम है। ग्रीनवीच शून्य रेखाश से अन्तर 75 अंश प्रति रेखाश 4 मिनिट = 75 x 4 = 300 मि - 5 घटे इनके न्यूयॉर्क के स्टे टाईम में जोडने पर ग्रीनवीच का समय आता है 16 45 न्यूयॉर्क स्टे टाईम + 5.00 = 21.45 ग्रीनवीच स्टे. टाईम।

इस स्टे टाईम मे 5 घटे 30 मिनट जोडने पर + 5 30 = भारतीय स्टे. टाईम 27 15 – 24.00 = 3 15 प्रात स्टे. टाईम प्राप्त होगा।

यदि न्यूयार्क मे उक्त समय 16 45 दिनाक 10 1 93 का है तो भारतीय स्टे टाईम के अनुसार दिनाक 11 1 93 का प्रात· 3 बजकर 15 मिनिट होगा।

इसी प्रकार भारतीय स्टे टाईम पर से ग्रीनवीच से पश्चिम मे स्थित किसी देश के स्टे टाईम को भी ज्ञात किया जा सकता है। इसके लिए स्टे टाईम मे से 5 घटे 30 मिनट घटाने पर शून्य रेखाश आता है। अब ग्रीनवीच शून्य रेखाश स्टे टाईम से जितने रेखाश का स्टे टाईम ज्ञात करना है उन रेखाश मे प्रति रेखाश 4 मिनिट और प्रति कला 4 सेकण्ड घटाने पर उस स्थान का स्टे टाईम प्राप्त होता है।

भारतीय स्टे. टाईम प्रात 11 30 बजे है तो ग्रीनवीच रेखांश का स्टे. टाईम = –5.30

6 00 प्रात :

न्यूयार्क का स्टे. टाईम रेखाश 75°

75 x 4 = 300 मि

= 5 घटे = 6 – 5.00

= 1.00 प्रात· न्यूयार्क का स्टे टाईम होगा।

इस प्रकार विश्व के किसी भी स्थान का स्टे. टाईम, स्थानीय समय, भारतीय स्टे. टाईम पर से अन्य स्थलों का स्टे टाईम और अन्य स्थलों के स्टे टाईम के भारतीय स्टे टाईम ज्ञात किया जा सकता है। (साथ मे दी गई सारिणी देखिए)

(झ) सांपातिक काल –

सापातिक काल के नक्षत्र काल या विषुवकाल भी कहा जाता है। इष्टकाल (अर्थात् जन्म, प्रश्न या मुहुर्त के समय) का सांपातिककाल अर्थात् मेष सपात (सायनमेषारंभ बिन्दु) जब मध्याह्न वृत्त (सायन तुलारम्भ बिन्दु) पर आये वहॉ से इष्ट समय तक के विषुवकाल को इष्टकाल या इष्ट सापातिक काल कहा जाता है।

एक सायन वर्ष मे सांपातिक काल के 24 घंटे पूरे होते है। प्रतिदिन

की उसकी गति 3 मिनिट 56 सेकण्ड 33 3216 प्रति सेकण्ड और प्रति रेखाश 39 4260166 प्रति सेकण्ड होती है।

सन् 1900 से 2051 तक की सापातिक काल एवं अयनाश सारिणी दी गई है जिसकी सहायता से बीते हुए वर्षों के एवं आगामी वर्षों के किसी भी दिन का सांपातिक काल और अयनांश ज्ञात किये जा सकते है।

(ञ) लग्न सारिणी –

ग्रहलाघवाकार ने लकोदय अर्थात् शून्य अक्षांश पर सायन मेषादि राशियो के उदयमान निम्न प्रकार दिये है :–

मीन–मेष 278 पल, वृषभ कुभ = 299 पल, मिथुन मकर 323 पल, कर्क धनु 323 पल, सिह वृश्चिक 299 पल और कन्या तुला 278 पल।

इन पलो मे आधुनिक गणितज्ञ श्री गोविन्द सदाशिव आपटे ने कुछ परिवर्तन किया – मीन मेष व कन्या तुला के उदयमान मे एक पल और बढाया और मिथुन मकर एव कर्क धनु के उदयमान मे एक पल घटाया। इस पलात्मक मान का 25 स विभाजित किया जाए तो क्रमश निम्न प्रकार स मिनट सेकण्ड है।

	मि.	से.		मि.	से.
मीन मेष	111	38	कर्क धनु	128	44
वृषभ कुभ	119	38	सिह वृश्चिक	119	37
मिथुन मकर	128	44	कन्या तुला	111	39

शून्य अक्षांश के इन मिनिट सेकण्ड में प्रत्येक अक्षांश की पलभा के अनुसार चर खंड संस्कार करने पर अभीष्ट अक्षांश पर राशियों के उदयमान प्राप्त होते है जिनकी सहायता से लग्न साधन किया जाता है। चूंकि यह प्रक्रिया लम्बी होने से हमने शून्य अक्षाश से 60 अक्षांश (उत्तर) की 23 अश 15 कला अयनाश की लग्न–सारिणियॉ दी है। जिनकी सहायता से आसानी पूर्वक किसी भी स्थान का लग्न ज्ञात किया जा सकता है।

अयनांश संस्कार –

उपर्युक्त प्रकार से तैयार की गई लग्न सारिणियां 23 अश 15 कला अयनाश की है। अत. यदि जन्म समय का अयनाश 23 अश 15 कला से कम हो तो जितने अंश कला कम हो उतने अश कला अभीष्ट स्थल के अक्षाश की लग्न सारिणी से प्राप्त लग्न की राशि अंश कला विकला

मे जोडने पर और यदि जन्म समय का अयनाश 23 अश 15 कला से अधिक हो तो जितने अश, कला अधिक हो उतने अश कला प्राप्त लग्न राशि अक कला विकला मे से घटाने पर स्पष्ट लग्न राश्यादि होती है।

(1) जन्म लग्न साधन विधि (भारत मे उत्पन्न जातक) –

1 जन्म का दिनाक 2 जन्म का समय स्टे टाईम मे

3 जन्म स्थल के (i) अक्षाश, (ii) रेखाश, (iii) रेखान्तर

4 स्थानीय समय (जन्म स्थल का)

जन्म के स्टे टाईम मे रेखांतर के मिनिट सेकण्ड जोडने या घटाने से स्थानीय समय प्राप्त होता है। (भारत के गावो, शहरों, कस्बो के अक्षाश रेखाश सारिणी मे + या – रेखान्तर के अनुसार स्टे. टा मे सस्कार करने पर प्राप्त समय)

5 सापातिक काल, दैनिक गति सस्कार –

स्थानीय समय के घंटे मिनिट सेकण्ड के अनुसार सांपातिक काल सारिणी से प्राप्त सापातिक काल की दैनिक गति के मिनट सेकण्ड को उक्त स्थानीय समय के घटे मिनिट सेकण्ड मे जोडना पडता है।

6. जन्म दिनाक का सापातिक काल –

सापातिक काल सारिणी के जन्म के मास और दिनांक के अनुसार सापातिक काल सबसे पहले प्राप्त किया जाता है।

उक्त सापातिक काल मे जन्म के सन् के सामने दिये गये मिनिट सेकण्ड की सारिणी मे बताये अनुसार + है तो जोडना और – है तो घटाना पडता है। इस प्रकार जो सापातिक काल प्राप्त होता है वह जन्म तारीख के शून्य बजे का 82 30 रेखांश का होता है।

उपर्युक्त सापातिक काल मे जन्मस्थल के रेखाश के अनुसार स्थल रेखांश संस्कार सारिणी से प्राप्त सेकण्ड को + या – के अनुसार घटाने या जोडने पर जन्म स्थल का सापातिक काल प्राप्त होता है। इस सांपातिक काल को पूर्व मे दिये 4 व 5 मे जोड़ने पर इष्ट सापातिक काल प्राप्त होता है।

7. लग्न सारिणी से लग्न साधन –

यहॉ दी जा रही शून्य अक्षाश से 60 अक्षाश तक की अधिकांश लग्न सारिणीयॉ पूरे अक्षांश की बनी हुई है और कुछ स्थल विशेष के अक्षांश के अंश व कला की बनी हुई है।

लेकिन विश्व का प्रत्येक स्थल अक्षाश के पूरे अश पर स्थित नहीं होकर उसके आगे के दूसरे अंश के कुछ भाग पर स्थित होता है। प्रत्येक अंश 60 कला का होता है। अत दूसरे अश का वह कुछ भाग जिस पर जन्म स्थल स्थित होता है, पूरे अश और कला के साथ लिखा जाता है। इस प्रकार जिस स्थल के अक्षाश की कला 30 या 30 से कम हो उसके लिए पूरे अश की लग्न सारिणी लेनी चाहिए। जैसे अक्षांश 24°.28′ का कोई स्थान है तो उसके लिए 24° की लग्न सारिणी का ही उपयोग करेगे चूकि 28 कला, 30 कला से कम है। इसके विपरीत यदि किसी स्थल के अक्षांश 24° 47′ है तो हम उस स्थल के लिए 25 अक्षाश की लग्न सारिणी का उपयोग करेंगे। चूकि 24 अश से आगे 47 कला 30 कला से अधिक है।

यदि जन्म लग्न साधन मे अधिक सूक्ष्मता की आवश्यकता हो तो हम 24 व 25 अक्षांश की लग्न सारिणीयो से इष्ट सापातिक काल की सहायता से लग्न राशि अंश कला विकला मे प्राप्त कर उन दो के अन्तर की विकलताओं मे 24 से आगे जितनी कला है उसका गुणा कर 60 का भाग देगे। इस प्रकार जो विकलायें प्राप्त होगी उनको 24 अक्षाश की लग्न सारिणी से प्राप्त लग्न की राशि अश कला विकला मे निम्न प्रकार से जोडेग या घटायेगे।

24 अक्षाश और 25 अक्षाश की सारिणीयो से प्राप्त लग्न राश्यादि में यदि 24 की लग्न राश्यादि 25 की लग्न राश्यादि से अधिक है तो उक्त विकलाओ को 24 की लग्न सारिणी से प्राप्त लग्न राश्यादि मे से घटायेगे और यदि 24° अक्षांश की लग्न राश्यादि 25° की लग्न राश्यादि से कम है तो 24° अक्षाश लग्न सारिणी से प्राप्त लग्न राश्यादि मे उक्त विकलाओं को जोडेगे। इस प्रकार जो लग्न राश्यादि प्राप्त होगी वह अधिक सूक्ष्म होगी।

8 अयनाश –

पूर्वोक्त प्रकार से प्रकार लग्न–राश्यादि में अयनाश सस्कार करने पर स्पष्ट लग्न राश्यादि प्राप्त होते है।

अयनांश साधन की विधि निम्न प्रकार है –

साथ मे दी गई अयनाश सारिणी मे से जन्म से सन् की 1 जनवरी के अयनाश लीजिए। इसमे जन्म के महीने और दिनाक के अनुसार विकला जोडिये। इस प्रकार जो अयनाश प्राप्त होता है वह मध्यम अयनाश कहलाता है। अब जन्म समय के स्पष्ट राहु की राशि अंश के अनुसार राहु–सस्कार

सारिणी मे से + या – मे दी हुई विकलाओ को मध्यम अयनाश में जोडिए या घटाइये। इस प्रकार जो अयनाश अंश कला विकला मे प्राप्त होगा वह स्पष्ट अयनाश कहलायेगा।

उक्त स्पष्ट अयनाश यदि लग्न सारिणी के अयनांश से कम है तो जितने अंश कला विकला कम हो उतने अश कला विकला पूर्वोक्त (7) में प्राप्त लग्न राशि, अश, कला, विकला मे जोडने और यदि स्पष्ट अयनाश लग्न सारिणी के अयनांश से अधिक है तो जितने अश कला विकला अधिक हो उतने अश, कला, विकला को पूर्वोक्त (7 मे) प्राप्त लग्न राशि अश, कला, विकला मे से घटाने पर स्पष्ट लग्न प्राप्त होता है।

इस विधि से भारत के किसी भी नगर या कस्बे मे उत्पन्न बालक का स्पष्ट लग्न प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रकार से प्राप्त लग्न राशि (पूर्णादि राशि के अनुसार) के अक को जन्म कुडली के प्रथम भाव मे रखकर कुडली का निर्माण किया जाता है।

2 2.विदेश मे उत्पन्न बालक के जन्म लग्न–साधन की विधि –

चूकि विदेश का न तो हमारे पास पंचाग होता है और न सापातिक काल। प्रत्येक स्थान का स्टे. टाईम भी अलग–अलग होता है। हमारे पास विदेश में उत्पन्न बालक की जन्म तारीख, जन्म समय और जन्म स्थल की सूचना मात्र होती है और इनको आधार मानकर भारतीय पचाग पर से लग्न–साधन एव ग्रह स्पष्ट करने पडते है। अत विदेश की कुंडली बनाने या लग्न–साधन करने के लिए निम्नांकित बातें ध्यान मे रखनी आवश्यक हैं –

1 जन्म स्थान के अक्षाश–रेखाश तथा स्टे टा. रेखांश,

2 स्टे. टा. और स्थानीय समय के बीच का अन्तर,

3 82.30 पूर्वी रेखाश का जन्म तारीख का सापातिक काल (पूर्ववत् निकाले)

4 उक्त जन्म तारीख के सापातिक काल मे स्थल सस्कार करना।

यदि जन्म का स्थल 82. 30 रेखांश से पूर्व मे अर्थात् अधिक रेखाश पर है तो स्थल सस्कार सारिणी के अनुसार मिनट सेकण्ड को घटाने और यदि जन्म का स्थल 82.30 रेखांश से पश्चिम मे अर्थात् कम रेखाश पर है तो स्थल संस्कार सारिणी के अनुसार मिनट सैकण्ड को जोडने पर जन्म–स्थल की जन्म तारीख के शून्य बजे का सांपातिक काल प्राप्त होगा।

5. उक्त सांर्पातिक काल को स्थानीय समय मे जोडना।

6 स्थानीय समय के घंटे के अनुसर सापातिक काल दैनिक गति संस्कार सारिणी से मिनट सेकण्ड लेकर उक्त न. 5 मे मिलाना। इस प्रकार जो योगफल प्राप्त होता है वही इष्ट सांपातिक काल होता है।

7. इष्टस्थल के अक्षांश के अनुसार पूर्वोक्त प्रकार से लग्न–सारिणी से लग्न निकालना।

8 इस प्रकार प्राप्त लग्न राश्यादि में अयनाश सस्कार करने पर स्पष्ट लग्न, राश्यादि मे प्राप्त होता है।

(3) दक्षिण अक्षांश के किसी स्थल पर उत्पन्न बालक का जन्मलग्न निकालने की विधि –

पूर्वोक्त जिस प्रकार से देश या विदेश में उत्पन्न बालक के जन्म लग्न–साधन की विधि अपनायी जाती है उसी प्रकार से दक्षिण अक्षाश के स्थल विशेष में उत्पन्न बालक का इष्ट सांपातिक काल प्राप्त किया जाता है। इस इष्ट सापातिक काल के घटो मे 12 घटे और जोड या घटा दिये जाते है। इस प्रकार जो घटे मिनट सेकण्ड प्राप्त होते है वही दक्षिण अक्षांश के स्थल का इष्ट सापातिक काल होता है।

अब स्थल अक्षांश के अंश कला के अनुसार उत्तर अक्षांश की लग्न–सारिणी से पूर्वोक्त प्रकार से स्पष्ट लग्न प्राप्त करने के बाद उस लग्न राशि अश कला विकला में 6 राशि जोड या घटा दो। इस प्रकार जो राशि अश कला विकला प्राप्त होते है उसमें अयनांश सस्कार करने पर जो राश्यादि प्राप्त होते है वही दक्षिण अक्षांश के अभीष्ट स्थल मे उत्पन्न बालक का जन्मलग्न होगा। भारत एवं विदेशो के विविध अक्षांश एवं रेखाश मे एक ही दिनांक और समय पर उत्पन्न बालकों के लग्न–साधन के उदाहरण आगे दिये जा रहे हैं।

(4) दशम भाव स्पष्टीकरण –

लग्न साधन के लिए विविध अक्षांश के स्थलों की विविध लग्न सारिणियॉ काम में ली जाती है। लेकिन विश्व के सभी स्थलों के लिए केवल एक ही दशम भाव सारिणी का उपयोग किया जाता है।

लग्न–साधन के लिए जिस प्रकार इष्ट सांपातिक काल प्राप्त किया जाता है उस प्रकार से प्राप्त कर दशम भाव सारिणी से लग्न–सारिणी की तरह ही दशम भाव के राशि अंश कला विकला प्राप्त कर अयनांश संस्कार करने पर स्पष्ट दशम भाव के राशि अंश कला विकला प्राप्त होते हैं।

इसके उदाहरण भी लग्न–साधन के साथ आगे सम्मिलित कर दिये गये है।

जन्म लग्न एवं दशमभाव साधन के उदाहरण –

(जन्म दिनाक 10 1 1993 समय 12 30 अपराह्न– भा स्टे टा.)

दिशा : N = उत्तर E = पूर्व अयनाश 23 45 50

S = दक्षिण W = पश्चिम

	जन्मस्थान भारत	अक्षाश 1 अ क	रेखाश 2 अ क	स्टे टा. रेखाश 3 अ क	जन्म दिनाक 4	जन्म समय स्टे टा 5 घ मि से	रेखातर 6 मि से
1	अहमदाबाद	23 3N	72 40E	82.30 E	10.1.1993	12.30 0 PM	-39.20
2	उदयपुर	24 35N	73.44E	82.30 E	10 1.1993	12.30 0 P.M	-35.04
3	कलकत्ता	22 34N	88 24E	82.30 E	10.1.1993	12.30.0 P.M	+23.36
4	डूँगरपुर	23 50N	73 50E	82.30 E	10 1.1993	12.30 0 PM	-34.40
5	नई दिल्ली	28 39N	77.10E	82.30 E	10 1.1993	12.30.0 P.M	-21 20
6	बांसवाडा	23 33N	74 24E	82.30 E	10 1.1993	12.30.0 P.M	-32 24
7	मुबई	18 55N	72 54E	82.30 E	10.1.1993	12.30.0 P.M	-38.24
	विदेश						
1	कराची	24 51N	67 04E	75 00 E	10 1.1993	12.30(Noon)	-31.44
2	ढाका	23 42N	90.25E	90.00 E	10.1.1993	13.0.0 P.M.	+1.40
3	न्यूयॉर्क	40 43N	74 00W	75.00 W	10.1.1993	02.0.0 A.M.	+4 00
4	पेरिस	48 50N	2.20E	15.00 E	10.1.1993	08.0 0 A.M.	-50 40
5	मोस्को	55 45N	37.34E	45.00 E	10.1.1993	10.0.0 A.M.	-29.44
6	लदन	51 32N	0.05W	0.00 E	10 1.1993	07.0.0 A.M.	-0.20
7	केपटाउन	33 56S	18 29E	30.00 E	10.1.1993	09.0.0A.M.	-46.04
8	केनबरा	35 19S	149.00E	150.00 E	10.1.1993	17.0.0 P.M	-4 00
9	नैरोबी	01 18S	36.52E	45.00 E	10 1.1993	10.0.0A.M.	-32.32

जन्म लग्न एव दशमभाव साधन के उदाहरण* –

(जन्म दिनांक 10.1 1993 समय 12 30 अपराह्न– भा स्टे टा.)

दिशा · N = उत्तर E = पूर्व अयनाश 23 45.50

S = दक्षिण W = पश्चिम

लग्न	जन्मस्थान	स्थानीय समय सा	स्थानीय समय पर से 0 बजे दैनिक गति	82 30E रेखाश का सस्कार का सा काल	जन्म स्थल रेखाश सस्कार सेकण्ड (+या–)	इष्ट सा काल 7 से 10 तक का योग	लग्न सारिणी से प्राप्त राश्यादि
	भारत	7 घ मि. से	8 मि से	9 घ मि से	10 से	11 घ मि से.	12 रा.अ क वि.
1	अहमदाबाद	11 50 40A M	1 56	7 17 12	+7	19 09 55	11 29 47 29
2.	उदयपुर	11 54 56A M	1 57	7 17 12	+6	19 14 11	00 01 34 07
3	कलकत्ता	12 53 36P M	2 07	7 17 12	-4	20 12 51	00 19 02 18
4	डूंगरपुर	11 55 20A M	1 57	7 17 12	+6	19 14 35	00 01 29 57
5	नई दिल्ली	12 08 40P M	1 59	7 17 12	+3	19 27 54	00 07 19 33
6	बासवाडा	11 57 36A M	1 57	7 17 12	+5	19 16 50	00 02 08 49
7	मुबई	11 51 36A M	1 56	7 17 12	+7	19 10 51	11 29 09 47
	विदेश						
1.	कराची	11 28 16A M.	1 53	7 17 12	+10	18 47 31	11 22 50 39
2	ढाका	13 01 40P M	2 08	7 17 12	-6	20.20 54	00.21.50 48
3.	न्यूयॉर्क	02 04 00A M.	0 20	7 17 12	+103	09 23 15	06 16.52.10
4	पेरिस	07 09 20A.M	1 10	7 17 12	+53	14 28 35	08.13.45 50
5	मोस्को	09 30 16A.M	1 34	7 17 12	+30	16 49 32	09.20 55 25
6	लंदन	06 59 40A M	1.09	7 17 12	+54	14 18 55	08 08 30 42
7.	केपटाउन	08 13 56A M	1 21	7 17.12	+42	*3 33 11	10 05 56 24
8	केनबरा	16 56 00P M	2 47	7 17 12	-44	*12 15 15	01 24.46 27
9	नैरोबी	09 27 28A M	1 33	7 17 12	+30	* 4 46 43	10 17 03 11

* दक्षिणी अक्षाश के स्थलो के लिए कॉलम 7 से 10 तक के योग मे 12 घंटे जोड दीजिये। यह इष्ट सां. काल होगा पर पर से लग्न सारिणी पर से लग्न राश्यादि प्राप्त करके उसमे से 6 राशि घटा दीजिये। यहॉ यही विधि काम मे ली गई है।

जन्म लग्न एवं दशमभाव साधन के उदाहरण —

(जन्म दिनाक 10.1.1993 समय 12.30 अपराह्न— भा' स्टे टा)

दिशा : N = उत्तर E = पूर्व अयनाश 23 45 50

S = दक्षिण W = पश्चिम

	जन्म स्थान	अयनाश सस्कार	स्पष्ट जन्म लग्न राश्यादि (12—13—14)	स्पष्ट दशम भाव सारिणी से प्राप्त राश्यादि अयनाश	भारतीय स्टे टा से अन्तर (+या— मे)
	भारत	13 क वि	14 रा अ क वि	15 रा अ क वि	16 घ मि
1	अहमदाबाद	—30 50	11 29 16 39	08 22 21 01	00 00
2	उदयपुर	—30 50	00 01 03 17	08 23 20 33	00 00
3	कलकत्ता	—30 50	00 18 31 28	09 07 08 38	00 00
4	डूँगरपुर	—30 50	00 00 59 07	08 23 26 08	00 00
5	नई दिल्ली	—30 50	00 06 48 43	08 26 33 09	00 00
6	बासवाडा	—30 50	00 01 37 59	08 23 57 38	00 00
7	मुंबई	—30.50	11 28 38 57	08 22.34 03	00 00
	विदेश				
1.	करांची	—30 50	11 22 19 49	08 17 09 33	—00 30
2	ढाका	—30.50	00 21 19 58	09 09 10 17	+00 30
3.	न्यूयॉर्क	—30 50	06 16 21 20	03 24.36 47	—10 30
4	पेरिस	—30 50	08 13 15 00	06 16 46 57	—04 30
5.	मोस्को	—30 50	09 20 24 35	07 19 59 37	—02 30
6.	लंदन	—30 50	08 07 59 52	06 13 18 33	—05 30
7.	केपटाउन	—30 50	10 05 25 34	07 01 51 54	—03 30
8.	केनबरा	—30 50	01 24 15 37	11.10 23 26	+04 30
9.	नैरोबी	—30 50	10 16.32 21	07 19 20.17	—02 30

अध्याय 11

द्वादश भाव स्पष्ट करना –

पूर्वोक्त प्रकार से लग्न एवं दशम भाव स्पष्ट करने के पश्चात् इनकी सहायता से जन्म कुंडली के बारह भाव निम्न प्रकार से स्पष्ट किये जाते है –

स्पष्ट लग्न राशि अंश कला विकला में से स्पष्ट दशम भाव के राशि अंश कला विकला घटाने पर जो राश्यादि शेष रहे उनमें 6 का भाग देने पर प्राप्त लब्धि (भागफल) के अंश, कला विकला एवं प्रति विकला को दशम भाव में जोडने पर दशम भाव की विराम संधि अर्थात् 11वां भाव की प्रारम्भ संधि प्राप्त होती है। इसमें उक्त छठा भाग जोडने पर 11 वॉ भाव प्राप्त होता है । इसमें उक्त छठा भाग जोडने पर 11वें भाव की विराम संधि अर्थात् 12वें भाव की आरंभ संधि प्राप्त होती है। इसमें उक्त छठा भाग जोडने पर 12 वां भाव प्राप्त होता है। 12वें भाव में उक्त छठा भाग जोड़ने पर 12वें भाव की विराम संधि या प्रथम भाव (जन्म लग्न) की आरम्भ संधि प्राप्त होती है। इसमे पुनः छठा भाग जोडने पर जन्मलग्न के राश्यादि प्राप्त होते है।

अब उल्टे क्रम से द्वादश भाव (12वें भाव) की विराम संधि में 1 राशि, 12 वें भाव में 2 राशि, 11वें भाव की विराम संधि में 3 राशि 11वें भाव मे 4 राशि, दशम भाव की विराम संधि में 5 राशि और दशम भाव में 6 राशि जोडने पर क्रमशः प्रथम भाव की विराम संधि द्वितीय भाव, द्वितीय भाव की विराम सधि, तृतीय भाव, तृतीय भाव की विराम संधि, और चतुर्थ भाव प्राप्त होते है।

इस प्रकार दशम भाव से चतुथे भाव संधि सहित स्पष्ट होने पर उनमे से प्रत्येक मे 6 राशि जोडने पर उसके सम्मुख की संधि और भाव स्पष्ट होते है।

लग्न में 6 राशि जोडने पर 7 वां भाव, प्रथम भाव की विराम संधि में 6 राशि जोड़ने पर 7वे भाव की विराम संधि, द्वितीय भाव में 6 राशि जोड़ने पर आठवां भाव, द्वितीय भाव की विराम सधि मे 6 राशि जोडने पर आठवें भाव की विराम संधि, तृतीय भाव में 6 राशि जोड़ने पर नववां भाव, तृतीय भाव की विराम संधि में 6 राशि जोड़ने पर नववें भाव की विराम संधि आती है। दशम भाव में 6 राशि जोडने पर चतुर्थ भाव, दशम भाव की विराम संधि में 6 राशि जोडने पर चतुर्थ भाव की विराम संधि, एकादश भाव मे 6 राशि जोड़ने पर पांचवे भाव की विराम संधि, 12वे भाव में 6 राशि जोड़ने पर छठा भाव, और 12वें भाव की विराम संधि में 6 राशि जोड़ने पर छठे भाव की विराम संधि और (लग्न) प्रथम भाव मे 6 राशि जोड़ने पर सातवां भाव प्राप्त होता है।

उदाहरण

उदयपुर दिनाक 10 1 1993 समय 12 30 भा स्टे टा

स्पष्ट जन्म लग्न (प्रथम भाव) 0 रा 1 अश, 3 कला 17 विकला स्पष्ट दशम भाव 8 रा 23 अश 20 कला 33 विकला

प्रथम भाव राश्यादि मे से दशम भाव राश्यादि घटाने पर

प्रथम भाव	0 रा	1 अश	3 कला	17 विकला		60 वि = 1 कला
दशम भाव	8 रा	23 अश	20 कला	33 विकला		60 कला =1 अश
						30 अश = 1 राशि
			42	44		

नोट – 0 राशि में से जब कोई राशि घटानी हो तब 0 =12 राशि मानकर उसमे से घटाइये। इसी प्रकार योग करने पर दो राशियो का योग 12 से अधिक हो तो उसमे से 12 घटा दीजिये शेष = राशि होगी। यदि कोई राशि उसमें से घटाई जाने वाली राशि के अक से कम है तो उसमे 12 जोडकर ही राशि घटाई जाती है।

उक्त 3 राशि के अश = 30 X 3 = 90 अश + 7 अश = 97 अंश 42 कला 44 विकला मे 6 का भाग दिया –

अश कला विकला

6) 97 42 44 (16 अश

−6

37

−36

1

X 60

60

X 42

6) 102 (17 कला

6

42

42

X 0

6) 44

42 (7

2 X 60 = 120 प्र वि.

6) 120 वि. (20 प्रति विकला

12

000

यहा शेष कला नही है । यदि होती तो 60 का गुणा कर 44 विकला जोड देते लेकिन यहा शेष नही होने से 44 विकला मे 6 का भाग दिया

इस प्रकार छठा भाग 16 अश 17 कला 7 विकला 20 प्रति विकला हुआ। अब इस छठे भाग को दशम भाव के राश्यादि मे तब तक जोडते जायेंगे जब तक स्पष्ट प्रथम भाव (लग्न) राश्यादि न आ जाये।

	रा	अ	क	वि		
6 +	8	23	20	33		दशमभाव
	+	16	17	7	20	
5 +	9	9	37	40	20	दशम भाव विराम सधि
	+	16	17	7	20	
4 +	9	25	54	47	40	एकादश भाव
	+	16	17	7	20	
3 +	10	12	11	55	0	एकादश भाव विराम सधि
	+	16	17	7	20	
2 +	10	28	29	2	20	द्वादश भाव
	+	16	17	7	20	
1 +	11	14	46	9	40	द्वादश भाव विराम सधि
	+	16	17	7	20	
	0	1	3	17	0	प्रथम भाव

अब उल्टे क्रम से द्वादश भाव विराम सधि मे 1 राशि जोडी तो 0 रा 14 अ. 45 क्र. 9 विकला प्रथम भाव की विराम सधि हुई। इसी प्रकार द्वादश भाव में 2 राशि, एकादश भाव की विराम सधि मे 3 राशि, एकादश भाव मे 4 राशि, दशम भाव की विराम सधि मे 5 राशि तथा दशम भाव मे 6 राशि जोडने पर क्रमश 2 रा भाव, दूसरे भाव की विराम सधि, तृतीय भाव और तृतीय भाव की विराम सधि और चतुर्थ भाव के राशि अश कला विकला स्पष्ट हुए। इनमे से प्रत्येक संधि और भाव मे 6 राशि जोडने पर उसके सम्मुख के संधि और भाव स्पष्ट हुए। जैसे प्रथम भाव की राशि अ. क वि मे

6 राशि जोडने पर 7 वा भाव 6 राशि 1 अश 3 कला 17 विकला, प्रथम भाव की विराम सधि मे 6 राशि जोडने पर 6 रा 14 अश 46 कला 9 विकला सातवे भाव की विराम सधि, दूसरे भाव मे 6 राशि जोडने पर आठवा भाव, दूसरे भाव की विराम सधि मे 6 राशि जोडने पर आठवे भाव की विराम सधि, तृतीय भाव मे 6 राशि जोडने पर नवम भाव, तृतीय भाव की विराम सधि मे 6 राशि जोडने पर नवम् भाव की विराम संधि,दशम भाव मे 6 राशि जोडने पर चतुर्थ भवा और दशम भाव की विराम सधि मे 6 राशि जोडने पर चतुर्थ भाव की विराम

सधि, एकादश भाव में 6 राशि जोडने पर पाचवा भाव, एकादश भाव की विराम सधि मे 6 राशि जोडने पर पाचवे भाव की विराम सधि, 12वे भाव मे 6 राशि जोडने पर छठा भाव और 12वे भाव की विराम सधि मे 6 राशि जोडने पर छठे भाव की विराम संधि प्राप्त हुई। इस प्रकार द्वादश भाव निम्न प्रकार से स्पष्ट हुए।

स्पष्ट द्वादश भाव

भाव	1	0	2	0	3	0	4	0	5	0	6	0
रा	0	0	0	1	1	2	2	3	3	4	4	5
अ	1	14	28	12	25	9	23	9	25	12	28	14
क	3	46	29	11	54	37	20	37	54	11	29	46
वि	17	9	2	55	47	40	33	40	47	55	2	9
भाव	7	0	8	0	9	0	10	0	11	0	12	0
रा.	6	6	6	7	7	8	8	9	9	10	10	11
अ	1	14	28	12	25	9	23	9	25	12	28	14
क	3	46	29	11	54	37	20	37	54	11	29	46
वि	17	9	2	55	47	40	33	40	47	55	2	9

अध्याय 12

ग्रह स्पष्ट करना –

जन्म भूमि, सदेश, विश्व विजय जैस पचांगो मे 5 बजकर 30 मिनिट के प्रात कालीन स्पष्ट ग्रह दिये हुए होते है। अत· एक 5 बजकर 30 मिनिट से दूसरे (दिन के) 5 बजकर 30 मिनिट तक मे 24 घंटे होते है। इन 24 घटो की ग्रह गति भी दी हुई होती है और जहां नही दी हुई है। वहां दूसरे दिन के ग्रहो के राशि अश कला विकला में से पहले दिन के राशि अंश कला विकला को घटाने पर ग्रह गति प्राप्त होती है। लेकिन जब कोई वक्री होते है तो उसके पहले दिन के राशि अश कला विकला मे से दूसरे दिन के उसके राशि अंश कला विकला घटाने पर वक्री ग्रह की गति प्राप्त होती है। यह गति 24 घंटे की होती है।

प्रात· 5 बजकर 30 मिनिट से मध्याह्न 12 बजे तक 6 घटे 30 मिनिट होते है। मध्याह्न 1 बजे 13 = बजे मानकर रात्रि 12 बजे को 24, 1 बजे को 25, 2 बजे को 26, 3 बजे का 27, 4 बजे को 28 और 5 बजे को 29 घटे गिनना चाहिये।

बालक के जन्म समय मे से 5 घटा 30 मिनिट घटाने पर जो घटे मिनट प्राप्त होते है उसके मिनट के घटे बनाकर और ग्रह गति के प्राप्त कला विकला में विकला की कला बनाकर आपस मे गुणा करके 24 का भाग देने पर प्राप्त कला विकला को प्रात कालीन ग्रह राश्यादि मे यदि ग्रह मार्गी है तो जोड़ने और वक्री है तो घटाने पर जन्मकालीन स्पष्ट ग्रह प्राप्त होते हैं।

ग्रह स्पष्टीकरण सारिणी से ग्रह स्पष्ट करने मे आसानी रहती है। अत. सारणी आगे दी जा रही है।

भारत में उत्पन्न बालक के जन्म कालीन ग्रह पूर्वोक्त प्रकार से स्पष्ट होगे।

(i) विदेश में उत्पन्न बालक के जन्म कालीन ग्रह स्पष्ट करना–

विदेश के जिस शहर या नगर मे बालक का जन्म हो उसके जन्म के स्टे टा को पहले बताये अनुसार रेखांश की सहायता से भारतीय स्टे टा में परिवर्तित कर दीजिये। इस स्टे टा के घटों में से 5 घटा 30 मिनिट घटाने पर जो घटे मिनिट प्राप्त हो उनके घटे बनाइये। इस प्रकार उक्त घटो को कला से गुणाकर गुणनफल में 24 का भाग दीजिये। लब्धि कला आयेगी। शेष में 60 का गुणा कर 24 का भाग देने पर लब्धि विकला प्राप्त होगी। इन कला विकला को पूवोक्त प्रकार से प्रातः कालीन ग्रह राश्यादि मे जोडने या घटाने पर जन्मकालीन स्पष्ट ग्रह प्राप्त होंगे।

(ii) ग्रह– स्पष्टीकरण उदाहरण –

पूर्व मे दिये गये दिनाक 10 1 93 जन्म समय 12 30 (पी एम) भारतीय स्टे टा. पर विभिन्न देशो मे उत्पन्न बालको के जन्मकालीन स्पष्ट ग्रहो का उदाहरण यहॉ दिया जा रहा है।

जन्म भूमि पचाग मे दिनांक 10 1 93 की प्रात 5 बजकर 30 मिनिट के स्पष्ट ग्रहो की स्थिति निम्न प्रकार है –

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु
रा.	8	3	2	8	5	10	9	7
अ	25	16	23	17	20	12	23	26
क	59	12	5	40	22	46	34	11
वि	30	28	0	0	0	0	0	0
ग कला	61	445	23	94	3	65	6	3
ति विकला	7	*48	0	0	0	0	0	0
मार्गी	✓	✓	–	✓	✓	✓	✓	–
वक्री	–	–	x	–	–	–	–	–
चन्द्र की गति 12 घटे की दी गई है ।								

बालक का जन्म समय घ. 12 घं 30 मि है। अत. 12 30 में से प्रात कालीन स्पष्ट ग्रहो का समय 5.30 मि घटाये तो 7 घटे शेष रहे।

चन्द्र की गति को छोडकर शेष ग्रहो की दी गई गति 24 घटे की है।

अब हम प्रात· कालीन ग्रह अपनी 24 घटे या 12 घटे की गति से जन्म समय तक कितने आगे बढे या कितने पीछे हटे यह ज्ञात निम्न प्रकार करेगे–

मार्गी (✓) ग्रहो मे गति–फल जोडना और वक्री ग्रहो (x) मे गति–फल घटाना पडता है।

$$\frac{\text{ग्रह गति x (जन्म समय – 5 घ 30 मि = अभीष्ट घटे)}}{24}$$

सूर्य स्पष्ट करना –

∵ 24 घटे मे 60 कला ∴ 7 घटे मे $\frac{61}{24} \times \frac{7}{1} = \frac{427}{24}$

= 17 क. 47 वि 30 प्र वि

∵ 24 घटे मे 7 विकला ∴ 7 घंटे मे $\frac{7}{24} \times \frac{7}{1} = \frac{49}{24}$ विकला

= 2 वि 2 5 प्र वि

क	वि	प्र	
17	47	30	
+0	2	2	
17	49	32	इसे प्रात कालीन स्पष्ट सूर्य मे जोडा

रा	अ	क	वि.
8	25	59	30
+		17	49
8	26	17	19 जन्म कालीन स्पष्ट सूर्य

गुरु स्पष्ट करना –

∵ 24 घटे मे 3 कला ∴ 7 घटे मे $\frac{3}{24} \times \frac{7}{1} = \frac{21}{24}$

= 0 कला 52 विकला

	रा	अ	क.	वि
प्रात कालीन स्पष्ट गुरू =	5	20	22	0
	+	0	0	52
जन्मकालीन स्पष्ट गुरू =	5	20	22	52

शुक्र स्पष्ट करना –

∵ 24 घटे मे 65 कला ∴ 7 घटे मे $\frac{65}{24} \times \frac{7}{1} = \frac{455}{24}$ कला

= 18 कला 57 विकला

	रा.	अ	क.	वि
प्रात कालीन स्पष्ट शुक्र	10	12	46	0
	+		18	57
जन्मकालीन स्पष्ट शुक्र	10	13	04	57

शनि स्पष्ट करना –

∵24 घटे मे 6 कला ∴7 घटे मे $\frac{6}{24} \times \frac{7}{1} = \frac{42}{24}$ = क 1 वि. 45

	रा	अ	क	वि
प्रात कालीन स्पष्ट शनि	9	23	34	0
		+	1	45
जन्मकालीन स्पष्ट शनि	9	23	35	45

राहु स्पष्ट करना –

∵24 घटे मे 3 कला (वक्री) ∴7 घटे मे 3 X 7 = 21 = क 0 व 52

$\frac{24}{24}$

	रा.	अ	क	वि.
प्रातः कालीन स्पष्ट राहु	7	26	11	0
		–	0	52
	7	26	10	08
	+6			
प्रात कालीन स्पष्ट केतु	1	26	10	08

	रा	अ	क.	वि.
नोट – स्पष्ट राहु के 6 राशि जोडने	1	26	10	8

पर स्पष्ट केतु प्राप्त हुआ।

इस प्रकार जन्मकालीन सूर्यादि ग्रह स्पष्ट किये जाते है।

चन्द्र स्पष्ट करना –

∵12 घंटे मे 445 कला ∴7 घटे मे $\frac{445}{12} \times \frac{7}{1} = \frac{3115}{12}$

= 259 कला 35 विकला

= 4 अं. 19 क. 35 वि – A

12 घटे मे 48 विकला 7 घंटे मे $\frac{48}{12} \times \frac{7}{1}$ = 28 वि. + 28 वि. – B

		अं.	क.	वि.	
प्रात· कालीन स्पष्ट चंद्र =	रा	4	19	35	A
	3		+	28	B
	+ 16	4	12	28	
जन्मकालीन स्पष्ट चंद्र =	+ 4	4	20	03	
	3 20		32	31	

मंगल स्पष्ट करना –

∵ 24 घटे में 23 कला पीछे हटता है ∴ 7 घटे मे $\frac{23}{24} \times \frac{7}{1} = \frac{161}{24}$

= 6 कला 42 विकला

	रा	अ	क.	वि
प्रात कालीन स्पष्ट मगल –	2	23	05	0
	–	0	6	42
जन्मकालीन स्पष्ट मगल	2	22	58	18

बुध स्पष्ट करना –

∵ 24 घटे मे 94 कला ∴ 7 मे $\frac{94}{24} \times \frac{7}{1} = \frac{658}{24}$

= 27 कला 25 विकला

	रा	अं	क	वि.
प्रात कालीन स्पष्ट बुध =	8	17	40	0
		+	27	25
जन्म कालीन स्पष्ट बुध =	8	18	07	25


जन्मकालीन स्पष्ट ग्रह –

सू	च	मं	बु	गु.	शु	श	रा	के
8	3	2	8	5	10	8	7	1
26	20	22	18	20	13	23	26	26
17	32	58	7	22	4	35	10	10
19	31	18	25	52	57	45	8	8
✓	✓	x	✓	✓	✓	✓	x	x


उपर्युक्त स्पष्ट ग्रह भारतीय स्टे टा 12 30 के है। कराची के 12 बजे के, ढाका के 1.00 (पी एम) के, न्यूयोर्क के प्रात 2 बजे के, पेरिस के प्रात . 8 बजे के, मोस्को के प्रात 10 बजे के, लदन के प्रात 7 बजे के केपटाऊन के प्रात 9 बजे के, केनबरा के साय 5 बजे के और नैरोबी के प्रात 10 बजे के है।

पूर्वोक्त उदाहरणों के स्थानों की कुछ जन्म कुंडलिया


उदयपुर




अहमदाबाद




केनबरा (ऑस्ट्रेलिया)




न्यूयोर्क (यू एस.ए)



लदन (इग्लैण्ड)



मोस्को (रशिया)



अध्याय 13

चलित कुंडली –

जन्मकालीन स्पष्ट ग्रह और स्पष्ट बारह भावो की सहायता से चलित कुंडली मे भाव और ग्रह निम्न प्रकार से दर्शाये जाते है।

जन्म कुंडली की तरह कुडली का खाका (नक्शा) सबसे पहले बनाइये। उसमें स्पष्ट भावो की पूर्णादि राशियो मे 1 जोडने पर बनने वाली राशि के अक लग्न से बारह भावो मे रखिये। कभी–कभी किन्ही दो भावो मे एक ही प्रकार के अक आते है तो कभी किसी भाव मे उसके पूर्व वाले अक के बाद वाला अंक नही आकर उससे अगला अंक आता है। लेकिन ऐसा किसी भूल के कारण नही होता। अत जैसे भी राशि– अक कुंडली के भावो मे आये उन्हे रखने चाहिये।


अब जन्म कुडली के जिन भावो मे जो– जो ग्रह है उनके राशि अश कलादि और सबधित भावो के राशि अश कलादि को देखिये। यदि ग्रह के राशि अशादि भाव के राशि अशादि से अधिक हो तो भाव की विराम सधि के राशि अंशादि बढ जाते है तो ग्रह जन्म कुडली के जिस भाव मे होता है, उस भाव से आगे के भाव मे लिखा जाता है।

इसी प्रकार यदि किसी ग्रह के राशि अंशादि ग्रह जन्म कुंडली के जिस भाव मे स्थित हो उस भाव की राशि अशादि से कम राशि अशादि का हो तो उस भाव से पूर्व की विराम सधि के राशि अंशादि से मिलाइये। इससे भी यदि कम राशि अशादि का हो तो ग्रह जन्म कुंडली के जिस भाव में होता है उस भाव से पीछे अर्थात् यदि ग्रह आठवें हो तो सातवे भाव में लिखा जाता है।


यदि ग्रह अपनी सधियों से न आगे बढे या न पीछे के राशि अश मे आये तो ग्रह कुडली के जिस भाव मे होता है, उसी भाव में रहता है।

उदयपुर मे उत्पन्न बालक के स्पष्ट द्वादश भाव और जन्मकालीन स्पष्ट ग्रहों की सहायता से चलित कुडली निम्न प्रकार तैयार होगी।

जन्मकुडली



चलित कूडली



जन्मकुडली मे लग्न की राशि मेष = 1 मानकर क्रमशः बढते क्रम से प्रत्येक भाव में राशि के अंक रखे गये है। जबकि चलित कुंडली मे स्पष्ट भाव (द्वादश स्पष्ट भाव) मे जो राशि जिस भाव मे है उस पूर्णादि राशि में एक जोडकर (0+1 = 1) प्रत्येक भाव में राशि के अक रखे गये है। इसमे पहले और दूसरे भाव में मेष राशि का अंक 1 और सातवे व आठवें भाव मे तुला राशि का 7 अक दर्शाया गया है। जिस तरह कन्या राशि का 6 अक और उसी तरह मीन राशि का 12 अक भी कुंडली मे नहीं है। भाव वृद्धि मे एक राशि दो भावो मे आती है जबकि क्रमागत राशि मे से कोई राशि किसी भाव मे नही है तब उस भाव का क्षय होता है । जैसे प्रथम भाव की राशि मेप प्रथम भाव एव द्वितीय भाव मे है तो प्रथम भाव की वृद्धि हुई कहा जायेगा। लेकिन 6 और 12 के अक नहीं है। अतः छठे तथा 12 वे भाव का क्षय हुआ कहा जायगा।

अब जन्मकुडली मे सूर्यादि ग्रह जिन–जिन भावो मे स्थित हैं उन–उन भावो की स्पष्ट राश्यादि और ग्रहो की स्पष्ट राश्यादि की सहायता से चलित कुडली मे ग्रह निम्न प्रकार से रखे जायेंगे।

